| सर्वेक्षकों के नाम | 1. |
| --- | --- |
| | 2. |

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

# निर्देश पुस्तिका









# विषय सूची


**A. असर क्या है?** 1

2

**B. असर की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण** 3-7

**C. गाँव में जाकर क्या करें?**

1. सरपंच से बातचीत
2. गाँव की जानकारी एकत्रित करें
3. गाँव का नक्शा बनाएँ और उसे हिस्सों/मुहल्लों में बाँटें
4. घरों का चयन करें और घर प्रपत्र भरें

**D. हर घर में क्या करें?** 8-13

1. सामान्य जानकारी
2. घर में रहने वाले बच्चों और वयस्कों से संबंधित जानकारी
3. घरेलू संकेतक

**E. बच्चों के साथ क्या करें?** 14-20

1. जाँच के लिए सामान्य निर्देश
2. पढ़ने की जाँच कैसे करें
3. गणित की जाँच कैसे करें
4. अंग्रेज़ी की जाँच कैसे करें

**F. विद्यालय में जाकर क्या करें?** 21-28

**असर 2022 की प्रतिज्ञा**

# A. असर क्या है?

**क्या बच्चे पढ़ सकते हैं?**
**क्या वे गणित के बुनियादी प्रश्न हल कर सकते हैं?**
**क्या स्कूल बंद होने का बच्चों के नामांकन और शिक्षा पर कोई प्रभाव पड़ा?**

## ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) क्या है?

ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट, या असर, नागरिकों द्वारा घरों में किया जाने वाला वार्षिक सर्वेक्षण है जो यह पता लगाता है कि क्या ग्रामीण भारत के बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं और क्या वे सीख रहे हैं। 2005 से 2014 तक प्रत्येक वर्ष, और फिर 2018 तक हर दूसरे वर्ष, पूरे देश में लार्ज-स्केल असर सर्वेक्षण संचालित किया गया। इस सर्वेक्षण ने ग्रामीण भारत के 3-16 वर्षीय बच्चों की स्कूली शिक्षा की स्थिति और 5-16 वर्षीय बच्चों की बुनियादी पढ़ने और गणित की स्थिति पर राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर निरूपक आँकड़े प्रस्तुत किए हैं। असर सर्वेक्षण देश-भर के 500 से अधिक संस्थाओं के 30,000 से अधिक स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है। अपने ज़िले में असर के साथ जुड़कर लोग एक व्यापक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रयास में सहयोग देते हैं।

2018 में किया गया आखिरी राष्ट्र-स्तरीय असर सर्वेक्षण लगभग 600 ज़िलों के 17,000 से अधिक गाँवों में 5 लाख से ज़्यादा बच्चों तक पहुँचने में समर्थ रहा। COVID-19 महामारी के चलते 2020 और 2021 में फ़ील्ड में जाना संभव नहीं था। इसी कारण असर के वैकल्पिक वर्ष के प्लान की जगह इन दो वर्षों में फ़ोन-आधारित सर्वेक्षण किए गए जिनमें स्कूल बंदी के दौरान बच्चों तक सीखने के अवसरों और साधनों की पहुँच को जाँचा गया। इस दौरान कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में तीन राज्य-स्तरीय फ़ील्ड सर्वेक्षण भी संचालित किए गए।

असर 2022 में COVID-19 महामारी के बाद पहली बार राष्ट्रव्यापी फ़ील्ड कार्यो को फिर से शुरू किया जा रहा है। इस असर और पिछले वर्षों के असर की तुलना से, COVID-19 महामारी का बच्चों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति पर प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आएगा।

## असर 2022 क्यों किया जा रहा है?

असर 2005 में अपनी स्थापना के बाद से उच्च नामांकन लेकिन ख़राब सीखने के स्तर की समस्या को उजागर करता आ रहा है। COVID-19 महामारी से बहुत पहले, 2018 में भी, असर के परिणामों से पता चला था कि भारत में बच्चों की बुनियादी शिक्षा का स्तर अपेक्षा से बहुत कम है :

- कक्षा 3 में, 4 में से केवल 1 बच्चा 'ग्रेड लेवल' पर था, यानी कि कक्षा 2 स्तर का पाठ पढ़ पा रहा था या दो अंक वाले घटाव के सवाल हल कर पा रहा था।
- प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 8वी) पूरी कर रहे बच्चों में से 4 में से 1 बच्चा कक्षा 2 स्तर की कहानी नहीं पढ़ पा रहा था।

COVID-19 महामारी के दौरान दुनिया भर में स्कूल बंद होने के कारण बच्चों की स्कूली शिक्षा और सीखने में भारी गिरावट आई है। भारत में पूरी दुनिया के मुकाबले सबसे लंबे समय तक स्कूल बंद रहे। इसका प्रभाव असर के 3 राज्य-स्तरीय सर्वेक्षणों में सीखने के स्तर में गिरावट के रूप में सामने आता है।

अब देश-भर में स्कूल खुलने के साथ, सभी ज़िलों, राज्यों और देश के लिए बच्चों के नामांकन और सीखने के स्तर पर साक्ष्य एक महत्वपूर्ण इनपुट है। यह साक्ष्य हमें समझने में मदद करेंगे कि बच्चे किस स्तर पर हैं और उन्हें किस तरह की मदद की आवश्यकता है ताकि इसके लिए सही योजना बनाई जा सके। असर 2022 यह साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए पूरे भारत के गाँवों में लौट रहा है।

## असर का क्या असर हुआ है?

असर के निष्कर्षों को मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित किया जाता है, और इसकी राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर चर्चा की जाती है। असर के मूल संदेश – 'बच्चे स्कूल में हैं, लेकिन सीख नहीं रहे हैं' – ने भारत के नीति निर्माताओं का ध्यान नामांकन से सीखने की ओर लाया है। यह बदलाव 2017 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम (RTE ऐक्ट) के संशोधन के रूप में नज़र आया है, जिसने राज्यों के लिए बच्चों के सीखने के प्रतिफल का आकलन करना अनिवार्य बना दिया। हाल ही में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) ने बुनियादी शिक्षा पर ज़ोर देते हुए यह लक्ष्य तय किया है कि कक्षा 3 तक सभी छात्रों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (FLN) के कौशल प्राप्त हो जाने चाहिए।

कई वर्षों से संसद में पूछे जाने वाले प्रश्नों में असर के आँकड़ों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है। दिसंबर 2021 में असर डाटा पर पूछे गए प्रश्न को मिलाकर, संसद में असर डाटा पर पूछे गए प्रश्नों की संख्या 100 हो गई है। असर के निष्कर्षों का उल्लेख नीति आयोग के तीन-वर्षीय एक्शन-प्लान (2017-2020) में किया गया है, और नियमित रूप से भारत के आर्थिक समीक्षा के रिपोर्ट में भी किया जाता है।

विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी अपनी रिपोर्ट में असर के आँकड़ों का उपयोग किया है। यूनेस्को, यूनिसेफ और वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित 2021 की रिपोर्ट, 'द स्टेट ऑफ द ग्लोबल एजुकेशन क्राइसिस' ने 2021 के असर कर्नाटक फ़ील्ड सर्वेक्षण के निष्कर्षों का उपयोग किया है। वर्ल्ड बैंक द्वारा 2018 में शिक्षा पर तैयार की गई 'वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट' भी असर का व्यापक रूप से उल्लेख करती है।

**अधिक जानकारी के लिए :** हमारी वेबसाइट www.asercentre.org देखें
प्रथम ऐजुकेशन फाउंडेशन, B4/58, सफ़दरजंग एनक्लेव, नई दिल्ली 110029
फ़ोन नं : 011-46023612, 011-26716084 । ई-मेल : contact@asercentre.org

# B. असर की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण

एक गाँव में असर सर्वेक्षण दो दिन में किया जाएगा। प्रत्येक गाँव के लिए दो सर्वेक्षक नियुक्त किए जाएँगे। सर्वेक्षण का पहला दिन ऐसा होगा जब विद्यालय खुले होंगे (जहाँ तक संभव हो शनिवार) और दूसरा दिन छुट्‌टी का दिन होगा (जहाँ तक संभव हो रविवार)।

**एक गाँव में असर सर्वेक्षण की पूरी प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण चरणबद्ध तरीके से नीचे दिया गया है :**

असर मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए गाँव में दो सर्वेक्षकों की एक टीम जाएगी। सर्वेक्षक ट्रेनिंग में दिए गए सर्वेक्षण के पूरे पैक (Village Pack) की सामग्री सर्वेक्षण के दौरान गाँव में लेकर जाएँ।

↓

गाँव में पहुँचने के बाद सर्वेक्षक सरपंच/गाँव के किसी अन्य प्रतिनिधि से मिलें और निम्नलिखित कार्य करें :

- स्पष्ट रूप से समझाएँ कि असर क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है।
- उन्हें 'सरपंच के लिए पत्र' दें और उनसे गाँव में सर्वेक्षण करने के लिए सहयोग का अनुरोध करें।

↓

इसके बाद सर्वेक्षक पूरे गाँव का भ्रमण करें और निम्नलिखित कार्य करें :

- पूरे गाँव का एक कच्चा नक्शा बनाएँ और उस पर मुख्य स्थान चिह्नित करें। कच्चा नक्शा गाँव वालों की मदद से सत्यापित करने के बाद सर्वेक्षण पुस्तिका पर पक्का नक्शा बनाएँ।
- अपने अवलोकन के आधार पर गाँव की जानकारी प्रपत्र भरें।

↓

सर्वेक्षक कक्षा 1-7/8 वाले सरकारी विद्यालय में जाएँ। यदि गाँव में ऐसा विद्यालय नहीं है, तो कक्षा 1-4/5 वाले ऐसे सरकारी विद्यालय में जाएँ जहाँ बच्चों का नामांकन सबसे अधिक हो। विद्यालय में निम्नलिखित कार्य करें :

- मुख्य अध्यापक/वरिष्ठ शिक्षक से मिलें और उन्हें समझाएँ कि असर क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है।
- उन्हें 'मुख्य अध्यापक के लिए पत्र' दें और उनसे विद्यालय की जानकारी लेने की अनुमति लें।
- विद्यालय की जानकारी लें और उसे विद्यालय अवलोकन प्रपत्र में भरें।

↓

इसके बाद, सर्वेक्षक सर्वेक्षण के लिए घरों का चयन करें। इसके लिए सर्वेक्षक :

- नक्शे को 4 हिस्सों में बाँटें या 4 मुहल्ले चुनें।
- 'हर 5वें घर के नियम' का पालन करते हुए प्रत्येक हिस्से/मुहल्ले में रैंडम रूप से ऐसे 5 घरों का चयन करें जिनमें आयु वर्ग 3-16 के बच्चे हों।
- इस प्रक्रिया का पालन सभी हिस्सों/मुहल्लों में करें और गाँव में से कुल 20 घरों (जिनमें आयु वर्ग 3-16 के बच्चे हों) का सर्वेक्षण करें।

↓

घरों के चयन के दौरान, सर्वेक्षक प्रत्येक विज़िट किए गए घर के लिए :

- घर लॉग प्रपत्र (Household Log Sheet) में घर की कुछ बुनियादी जानकारी भरें।
- यदि घर बंद हो या घर में आयु वर्ग 3-16 के बच्चे नहीं हों या घर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिले तो ऐसे घरों के लिए उचित खाने में (✓) चिह्नित करें।
- यदि किसी घर में आयु वर्ग 3-16 के बच्चे हों, तो उनकी बुनियादी जानकारी घर लॉग प्रपत्र में भरें और सर्वेक्षण शुरू करें।

↓

प्रत्येक बच्चे वाले घर में जाकर, सर्वेक्षक निम्नलिखित काम करें :

- 3-16 आयु वर्ग के बच्चों की जानकारी नोट करें।
- 5-16 आयु वर्ग के बच्चों की बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच करें और बच्चे का उच्चतम स्तर रिकॉर्ड करें। बच्चों की जाँच केवल घर में ही की जाएगी।
- घर की परिसंपत्ति (Assets) की जानकारी नोट करें।

↓

20 घरों का सर्वेक्षण समाप्त करने के बाद सर्वेक्षक पूर्ण रूप से भरी हुई सर्वेक्षण पुस्तिका तुरंत अपने असर मास्टर ट्रेनर को दें।

# C. गाँव में जाकर क्या करें?

## भाग 1 : सरपंच से बातचीत

**उद्देश्य :** सरपंच को असर सर्वेक्षण के बारे में बताना और सर्वेक्षण में उनके सहयोग के लिए अनुरोध करना।
**प्रपत्र :** सरपंच के लिए पत्र

- सर्वेक्षण के लिए उस गाँव में जाएँ जिसका नाम आपको दिया गया हो। प्रत्येक गाँव में दो सर्वेक्षक जाएँगे।
- गाँव में पहुँचने के बाद गाँव के सरपंच से मिलें और उन्हें 'सरपंच के लिए पत्र' दें। सरपंच को समझाएँ कि असर क्या है और क्यों महत्वपूर्ण है और आप गाँव में क्या गतिविधियाँ करेंगे। यदि सरपंच मौजूद न हो तो गाँव के किसी अन्य प्रतिनिधि जैसे कि पंचायत सचिव से मिलें।
- यदि अन्य लोग आपके गाँव में आने का उद्देश्य पूछें तो आप उन्हें समझाने के लिए उपर्युक्त बिन्दुओं का उपयोग करें।

## भाग 2 : गाँव की जानकारी एकत्रित करें

**उद्देश्य :** गाँव में मौजूद कुछ बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी भरना।
**प्रपत्र :** गाँव की जानकारी प्रपत्र

- गाँव की जानकारी प्रपत्र पर राज्य, ज़िला, ब्लॉक, गाँव, सर्वेक्षकों के नाम, सर्वेक्षण का दिनाँक और दिन लिखें।
- जब आप गाँव में घूम रहें हैं, तो अवलोकन करें कि क्या आप 'गाँव की जानकारी प्रपत्र' में दी गई सुविधाओं और विद्यालयों को देख पाएँ और उचित खाने में सही (✓) का निशान लगाएँ। यदि आप इन सुविधाओं और विद्यालयों को नहीं देख पाते हैं, तो गाँव के लोगों से पूछें और खुद इनका अवलोकन करके ही जानकारी भरें।
- शिक्षा संबंधित सुविधाओं के लिए पूछी गई जानकारी को इन सुविधाओं के अंदर जाकर सत्यापित करें।
- गाँव में घूमने के बाद यदि आप इन सुविधाओं को स्वयं नहीं देख पाते हैं, तो उपयुक्त खाने में 'नहीं' के अंतर्गत (✓) निशान लगाएँ। प्रत्येक सुविधा के लिए 'हाँ' या 'नहीं' में से किसी एक पर निशान होना चाहिए।

**उदाहरण :**

**गाँव की जानकारी प्रपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **राज्य का नाम :** | महाराष्ट्र | **ज़िले का नाम :** | देवली |
| **ब्लॉक का नाम :** | वरधा | **गाँव का नाम :** | वैफाद |
| **सर्वेक्षकों के नाम :** | | 1. | शालिनी |
| | | 2. | मुस्कान |
| **सर्वेक्षण का दिनांक :** | 16.07.2022 | **सर्वेक्षण का दिन :** | शनिवार |

| | उचित स्थान पर सही (✓) का निशान लगाएँ | क्या आपने गाँव में निम्नलिखित सुविधाओं को खुद देखा? (अपने अवलोकन के आधार पर हाँ/नहीं पर निशान लगाएँ) | | निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| बुनियादी सुविधाएँ | क्या गाँव तक जाने के लिए पक्की सड़क है? | हाँ ✓ | नहीं | गाँव की ओर जाने वाली सड़क को देखें, गाँव के अन्दर की सड़कों को नहीं। |
| | क्या गाँव में बिजली का कनेक्शन है? | हाँ ✓ | नहीं | बिजली के खंभे और तार को देखें। |
| | क्या गाँव में डाकघर है? | हाँ | नहीं ✓ | डाकघर की बिल्डिंग और संकेतक बोर्ड को देखें। |
| | क्या गाँव में बैंक (किसी भी प्रकार का) है? | हाँ | नहीं ✓ | किसी भी प्रकार का बैंक हो सकता है (सरकारी/निजी/कॉपरेटिव/अन्य)। |
| | क्या गाँव में सरकारी स्वास्थ्य/उप स्वास्थ्य केंद्र (PHC/Sub Health Centre) है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में निजी स्वास्थ्य केंद्र है? | हाँ ✓ | नहीं | किसी भी प्रकार का क्लीनिक/चिकित्सक देखें जिससे यह पता चल सके कि गाँव में निजी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। इसमें हकीम, वैद्य आदि को शामिल न करें। |
| | क्या गाँव में कंप्यूटर केन्द्र/इंटरनेट कैफे है? | हाँ | नहीं ✓ | किसी के घर का कंप्यूटर (निजी) और विद्यालय के कंप्यूटर को इसमें शामिल न करें। |
| विद्यालय | क्या गाँव में सरकारी प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 4/5 तक) है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 7/8 तक) है? | हाँ | नहीं ✓ | |
| | क्या गाँव में सरकारी विद्यालय (कक्षा 1 से 10/12 तक) है? | हाँ | नहीं ✓ | |
| | क्या गाँव में सरकारी विद्यालय (कक्षा 6 से 8/10/12 तक) है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में निजी (private) विद्यालय है? | हाँ ✓ | नहीं | |
| | क्या गाँव में आंगनवाड़ी है? | हाँ | नहीं ✓ | |

## भाग 3 : गाँव का नक्शा बनाएँ और उसे हिस्सों/मुहल्लों में बाँटें

**उद्देश्य :** नक्शे से गाँव को विभिन्न हिस्सों/मुहल्लों में बाँटना और रैंडम रूप से घरों का चयन करना।
**प्रपत्र :** सर्वेक्षण पुस्तिका में पक्का नक्शा बनाने के लिए खाली पृष्ठ।

### 1. नक्शा बनाना

**चरण 1 : गाँव की समझ बनाना :** गाँव का भ्रमण करें और गाँव के लोगों से बातचीत करें। प्रश्न पूछें :

- गाँव की भौगोलिक सीमा क्या है (गाँव कहाँ से शुरू होता है एवं कहाँ समाप्त होता है)?
- गाँव में कितने हिस्से/मुहल्ले हैं एवं वे कहाँ-कहाँ बसे हैं?

आप पूरे गाँव का भ्रमण करने के लिए गाँव के युवा/बच्चों की सहायता भी ले सकते हैं।

**चरण 2 : कच्चा नक्शा बनाएँ :** गाँव में घूमते समय गाँव की आबादी किस तरह बसी हुई है यह जानने के लिए आप एक कच्चा नक्शा बनाएँ। गाँव के लोगों की सहायता से मुख्य स्थान जैसे मंदिर, मस्जिद, नदी, तालाब, आंगनवाड़ी, विद्यालय, बस स्टैंड, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, राशन की दुकान आदि को देखकर चिह्नित करें। नक्शे पर गाँव की मुख्य सड़कों/गलियों/रास्तों को स्पष्ट रूप से दर्शाएँ।
*नोट : उन सभी विद्यालयों को नक्शे पर चिह्नित करें जिनकी जानकारी आपने गाँव की जानकारी प्रपत्र में भरी है।*

**चरण 3 : कच्चा नक्शा सत्यापित करें** : सरपंच या गाँव के किसी जानकार व्यक्ति को आपके द्वारा बनाया गया कच्चा नक्शा दिखाएँ। जब सबकी सहमति मिल जाए कि आपके द्वारा बनाया गया कच्चा नक्शा गाँव का सही निरूपण है, तो नक्शे को पक्का करें।


**चरण 4 : पक्का नक्शा बनाएँ :** आप इस पक्के नक्शे को गाँव की सर्वेक्षण पुस्तिका में नक्शे के लिए दिए गए पृष्ठ पर उतारें।

### 2. नक्शा बनाने के बाद, गाँव को हिस्सों/मुहल्लों में बाँटना

आपके द्वारा बनाए गए गाँव के नक्शे पर हिस्सों/मुहल्लों को निम्नलिखित तरह से चिह्नित करें और नंबर दें :

**स्थिति 1 : समान रूप से फैली आबादी वाला गाँव**


- आप पूरे गाँव को उसकी भौगोलिक स्थिति के अनुसार 4 हिस्सों में बाँटें।
- हर हिस्से को एक नंबर दें और वह नंबर नक्शे पर लिखें (दिए गए उदाहरण को देखें)।
- हर हिस्से में से ऐसे 5 घर चुनें जिनमें आयु वर्ग 3-16 के बच्चे हों।




**स्थिति 2 : विभिन्न हिस्सों/मुहल्लों वाला गाँव**

हर हिस्से/मुहल्ले को एक नंबर दें और वह नंबर नक्शे पर लिखें। यदि संभव हो तो हिस्सों/मुहल्लों के नाम भी लिखें।

**यदि गाँव में :**




- **2 हिस्से/मुहल्ले हैं :** हर हिस्से/मुहल्ले को 2 हिस्सों में बाँटें और हर हिस्से में से ऐसे 5 घर चुनें जिनमें आयु वर्ग 3-16 के बच्चे हों।
- **3 हिस्से/मुहल्ले हैं :** 3 हिस्सों/मुहल्लों से 7, 7 और 6 बच्चों वाले घरों को चुनें।
- **4 हिस्से/मुहल्ले हैं :** हर हिस्से/मुहल्ले में से 5 बच्चों वाले घरों को चुनें।
- **4 से ज़्यादा हिस्से/मुहल्ले हैं :** रैंडम रूप से कोई भी 4 हिस्सों/मुहल्लों को चुनें (जैसे कि हर हिस्से/मुहल्ले के नाम या नंबर वाली पर्चियाँ बनाएँ और गाँव के किसी व्यक्ति को चार पर्चियाँ चुनने को कहें)। प्रत्येक हिस्से में से ऐसे 5 घरों को चुनें जिनमें 3-16 आयु वर्ग के बच्चे हों। चुने गए हिस्से/मुहल्ले को नक्शे पर सही का निशान लगाकर चिह्नित करें (दिए गए उदाहरण को देखें)।

## भाग 4 : घरों का चयन करें और घर लॉग प्रपत्र भरें

**उद्देश्य :** चयनित हिस्सों/मुहल्लों से रैंडम रूप से 20 घरों का चयन करना जिनमें 3-16 वर्ष के बच्चे हैं। सर्वेक्षण के दौरान गाँव में विज़िट किए हुए सभी घरों का रिकॉर्ड रखना।
**प्रपत्र :** सर्वेक्षण पुस्तिका से घर लॉग प्रपत्र।

सर्वेक्षण के लिए 'हर 5वें घर के नियम' का उपयोग करके प्रत्येक हिस्से/मुहल्ले से ऐसे 5 घरों को रैंडम रूप से चुनें जिनमें 3-16 वर्ष के बच्चे हों। प्रत्येक विज़िट किए गए घर के लिए कुछ बुनियादी जानकारी घर लॉग प्रपत्र में दर्ज की जाएगी।

### हिस्से/मुहल्ले में घरों का चयन कैसे करें और घर लॉग प्रपत्र कैसे भरें?

- चयनित हिस्से/मुहल्ले में जाएँ। उस हिस्से/मुहल्ले के मध्य बिंदु को खोजें। हिस्से/मुहल्ले के बीच में जाकर अपने बाएँ तरफ से पहला घर चुनें।
- आपके द्वारा चयनित इस पहले घर में चार संभावित परिस्थितियाँ हो सकती हैं :
  - घर में 3-16 वर्ष का कम से कम एक बच्चा है
  - घर में 3-16 वर्ष के कोई बच्चे नहीं हैं
  - घर बंद है
  - घर के उत्तरदाता ने सर्वेक्षण में भाग लेने से मना कर दिया/घर पर कोई वयस्क नहीं है (कोई प्रतिक्रिया नहीं)
- इन सभी परिस्थितियों में, घर लॉग प्रपत्र में घर के बारे में कुछ बुनियादी जानकारी दर्ज की जाएगी। घर लॉग प्रपत्र **हर** उस घर का रिकॉर्ड है, जहाँ आप सर्वेक्षण के दौरान जा रहे हैं।

आपके सामने आने वाली परिस्थिति के आधार पर, घर लॉग प्रपत्र भरने की प्रक्रिया और आगे उठाने वाले कदम नीचे दिए गए हैं।

### स्थिति 1

**यदि घर में 3-16 आयु वर्ग का कम से कम एक बच्चा है, तो आप घर लॉग प्रपत्र में निम्नलिखित जानकारी नोट करें और फिर उस घर का सर्वेक्षण करें :**

- नक्शे से हिस्से/मुहल्ले का नंबर।
- 'सर्वेक्षण किए गए घर' ब्लॉक के अंतर्गत घर के मुखिया का पूरा नाम।
- 3-16 वर्ष के उन बच्चों की संख्या जो उस घर में नियमित रूप से रहते हैं और उत्तरदाता की रसोई/चूल्हे से खाते हैं।
- सर्वेक्षित घर का नंबर। 3-16 आयु वर्ग के बच्चों वाले प्रत्येक घर का सर्वेक्षण करें और ऐसे हर घर को सर्वेक्षित घर का नंबर दें। पहले घर (3-16 वर्ष के बच्चों वाला) को 'सर्वेक्षित घर का नंबर' खाने के तहत 1 नंबर दें। सर्वेक्षण किए जाने वाले दूसरे घर को नंबर 2 दें, और इसी तरह अगले घरों को अगले नंबर दें।

**उदाहरण:**

**घर लॉग प्रपत्र**

*यह प्रपत्र उन सभी घरों का रिकॉर्ड है जिनमें आप जा रहे हैं। इसमें बंद घर, ऐसे घर जहाँ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली और बिना बच्चों वाले घर भी शामिल हैं।*

| | |
|---|---|
| **राज्य का नाम : उत्तर प्रदेश** | **ज़िले का नाम : बदायूँ** |
| **ब्लॉक का नाम : गुन्नौर** | **गाँव का नाम : सेजना** |

| क्र.सं. | हिस्से/मुहल्ले का नंबर | सर्वेक्षण न किए गए घर उचित विकल्प पर (✓) चिह्न लगाएँ | | | सर्वेक्षण किए गए घर (यदि घर में आयु वर्ग 3-16 के बच्चे नियमित रूप से रहते हैं) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बंद घर | कोई प्रतिक्रिया नहीं | बिना बच्चों वाला घर | घर के मुखिया का पूरा नाम | इस घर में आयु वर्ग 3-16 के कितने बच्चे नियमित रूप से रहते हैं? | सर्वेक्षित घर का नं. |
| 1 | 1 | | | | राज कुमार | 2 | 1 |
| 2 | 1 | | | | सुंदर जैन | 3 | 2 |

**'हर 5वें घर के नियम' का उपयोग करते हुए अन्य घरों को इस प्रकार चुनें :**

- 3-16 आयु वर्ग के बच्चों वाले पहले घर का सर्वेक्षण करने के बाद, प्रत्येक 5वें घर का चुनें। हर 5वें घर से तात्पर्य है कि पहले घर के सर्वेक्षण के बाद, अगले 4 घरों को छोड़ दें और 5वें घर को चुनें। घरों का चयन करते समय केवल उन्हीं घरों की गणना करें जो आवासीय हैं। 'घर' का मतलब है 'प्रत्येक दरवाज़ा या प्रवेश द्वार जो सड़क/गली में निकलता हो'।

- यदि बच्चों वाले पाँच घरों के चयन से पहले हिस्से/मुहल्ले की सीमा समाप्त हो जाए, तो फिर से उस हिस्से/मुहल्ले का दौरा शुरू करें। 'हर 5वें घर' के नियम का पालन करते हुए उस हिस्से का सर्वेक्षण जारी रखें।
- यदि सर्वेक्षण किया हुआ घर फिर से चुना जाए, तो आप उस घर को छोड़ दें और उसके बगल वाले घर का सर्वेक्षण करें। इस स्थिति में घर लॉग प्रपत्र में दोबारा इस घर की जानकारी नहीं भरेंगे। सर्वेक्षण तब तक जारी रखें जब तक उस हिस्से/मुहल्ले में से बच्चों वाले पाँच घरों का सर्वेक्षण न हो जाए।
- यदि किसी चयनित हिस्से/मुहल्ले में बच्चों वाले 5 से कम घर हैं, तो उस हिस्से/मुहल्ले से सभी घरों का सर्वेक्षण करें और बचे हुए घरों का सर्वेक्षण दूसरे हिस्सों/मुहल्लों से करें।
- यदि गाँव में बच्चों वाले घरों की संख्या 20 या 20 से कम है, तो उस गाँव के सभी घरों का सर्वेक्षण करें।
- 4 से ज़्यादा हिस्सों/मुहल्लों वाले गाँव में यदि चयनित हिस्सों/मुहल्लों के सर्वेक्षण के बाद भी बच्चों वाले 20 घर नहीं मिल पाते, तो एक और हिस्सा/मुहल्ला रैंडम रूप से चुनें और सर्वेक्षण जारी रखें।

## स्थिति 2

**यदि घर में 3-16 आयु वर्ग का कोई बच्चा नहीं है या घर बंद है या उत्तरदाता सर्वेक्षण में भाग लेने से मना करते है (कोई प्रतिक्रिया नहीं), तो इसे 20 सर्वेक्षित घरों में न गिनें।** घर लॉग प्रपत्र में कुछ बुनियादी जानकारी निम्नलिखित तरीके से भरें :

- नक्शे से हिस्से/मुहल्ले का नंबर नोट करें।
- घर में आपके सामने आने वाली स्थिति के आधार पर, 'सर्वेक्षण न किए गए घर' ब्लॉक के अंतर्गत बंद घर/कोई प्रतिक्रिया नहीं/बिना बच्चों वाला घर में से किसी एक खाने के अंतर्गत (✓) चिह्नित करें। ध्यान दें कि तीनों में से केवल एक खाने के नीचे टिक किया जाना चाहिए।
- घर लॉग प्रपत्र के बाकि खाने खाली छोड़ दें।

*नोट : यदि घर में बच्चे हैं लेकिन वे नियमित रूप से घर में नहीं रहते हैं (उदाहरण के लिए, रिश्तेदार के बच्चे), तो उन्हें सर्वेक्षण में न गिनें।*

**उदाहरणः**

### घर लॉग प्रपत्र

*यह प्रपत्र उन सभी घरों का रिकॉर्ड है जिनमें आप जा रहें हैं। इसमें बंद घर, ऐसे घर जहाँ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली और बिना बच्चों वाले घर भी शामिल हैं।*

| राज्य का नाम : | उत्तर प्रदेश | ज़िले का नाम : | बदायूँ |
|---|---|---|---|
| ब्लॉक का नाम : | गुन्नौर | गाँव का नाम : | सेजना |

| क्र. सं. | हिस्से/मुहल्ले का नंबर | सर्वेक्षण न किए गए घर उचित विकल्प पर (✓) चिह्न लगाएँ | | | सर्वेक्षण किए गए घर (यदि घर में आयु वर्ग 3-16 के बच्चे नियमित रूप से रहते हैं) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बंद घर | कोई प्रतिक्रिया नहीं | बिना बच्चों वाला घर | घर के मुखिया का पूरा नाम | इस घर में आयु वर्ग 3-16 के कितने बच्चे नियमित रूप से रहते हैं? | सर्वेक्षित घर का नं. |
| 1 | 1 | | | | राज कुमार | 2 | 1 |
| 2 | 1 | | | | सुंदर जैन | 3 | 2 |
| 3 | 1 | | ✓ | | | | |
| 4 | 1 | | | ✓ | | | |
| 5 | 1 | ✓ | | | | | |

घर लॉग प्रपत्र में बुनियादी जानकारी भरने के बाद, बगल वाले घर में जाएँ। यह प्रक्रिया तब तक करें जब तक आपको ऐसा घर न मिल जाए जिसमें 3-16 वर्ष के बच्चे रहते हों। इसके बाद उस घर का सर्वेक्षण करें।

## कुछ विशेष परिस्थितियाँ :

- **घर में एक से ज़्यादा रसोई :** हर घर में पूछें कि इस घर में कितने रसोई/चूल्हे हैं? यदि एक से ज़्यादा चूल्हा/रसोई हो, तो उत्तरदाता का परिवार जिस रसोई से खाता है उसे चुनें। आप उन्हीं लोगों का सर्वेक्षण करेंगे जो नियमित रूप से उस चूल्हे से खाना खाते हैं। इस घर का सर्वेक्षण करने के बाद अगले 5वें घर में जाएँ। ऐसी स्थिति में सड़क पर अगले घर से गिनती प्रारंभ करें न कि अगले चूल्हे से।
- **बच्चे ने जाँच में भाग लेने से मना कर दिया/3 या 4 वर्ष का बच्चा है :** यदि किसी घर में आयु वर्ग 5-16 के बच्चे ने जाँच में भाग लेने से मना कर दिया हो या किसी घर में 3 या 4 वर्ष का केवल एक ही बच्चा हो तो आप घर सर्वेक्षण प्रपत्र में जाँच की जानकारी के अतिरिक्त सभी जानकारी भरें। जाँच के लिए मना करने वाले बच्चे के लिए घर सर्वेक्षण प्रपत्र के पीछे एक नोट बना दें। **यह दोनों घर सर्वेक्षण किए गए 20 घरों में गिने जाएँगे।** अगला घर चुनने के लिए 4 घर छोड़कर 5वें घर में जाएँ।

**केस स्टडी :**

**केस 1 :** गाँव को हिस्सों में बाँटकर आप गाँव के पहले हिस्से में सर्वेक्षण शुरू करते हैं। आप विकास से मिलते हैं, जो आपको बताते हैं कि घर में दो बच्चे रहते हैं – 7 साल की कमला और उसका भाई, 9 साल का सुरेश। घर के मुखिया श्याम तिवारी हैं। क्या आप इस घर का सर्वेक्षण करेंगे? घर लॉग प्रपत्र भरें। इसके बाद आप किस घर में जाएँगे?

**केस 2 :** आप 4 घरों को छोड़ कर 5वें घर में जाते हैं, लेकिन यह घर बंद मिलता है। घर लॉग प्रपत्र भरें। इसके बाद आप किस घर में जाएँगे?

**केस 3 :** अगले घर में, घर की मुखिया बीना सिंह आपको बताती हैं कि घर में दो बच्चे हैं, 9 वर्षीय सीता और उसकी चचेरी बहन, 12 वर्षीय उर्मिला। उर्मिला पास के एक गाँव में रहती है, लेकिन दो सप्ताह के लिए सीता से मिलने आई है। घर लॉग प्रपत्र भरें। इसके बाद आप किस घर में जाएँगे?

**केस 4 :** '5वें घर के नियम' का पालन करते हुए आप अगले घर में जाते हैं जहाँ घर के मुखिया राम कुमार आपको बताते हैं कि उनकी एक 3 साल की बच्ची है, जिसका नाम सुनीता है। घर लॉग प्रपत्र भरें। इसके बाद आप किस घर में जाएँगे?

**केस 5 :** आप 4 घरों को छोड़ कर 5वें घर में जाते हैं और उत्तरदाता ज़ेबा मलिक से मिलते हैं, जो कि घर की मुखिया भी है। वह आपको बताती है कि वह अपने भाई के परिवार के साथ रहती है और अलग रसोई में खाना बनाती है। ज़ेबा के 3-16 साल के तीन बच्चे हैं, और उनके भाई नसीम के 3-16 साल के 2 बच्चे हैं। घर लॉग प्रपत्र भरें। इसके बाद आप किस घर में जाएँगे?

**उदाहरणः**

## घर लॉग प्रपत्र

***यह प्रपत्र उन सभी घरों का रिकॉर्ड है जिनमें आप जा रहें हैं। इसमें बंद घर, ऐसे घर जहाँ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली और बिना बच्चों वाले घर भी शामिल हैं।***

| | | | |
|---|---|---|---|
| **राज्य का नाम :** | उत्तर प्रदेश | **ज़िले का नाम :** | बदायूँ |
| **ब्लॉक का नाम :** | गुन्नौर | **गाँव का नाम :** | सेजना |

| क्र. सं. | हिस्से/मुहल्ले का नंबर | **सर्वेक्षण न किए गए घर** उचित विकल्प पर (✓) चिह्न लगाएँ | | | **सर्वेक्षण किए गए घर :** (यदि घर में आयु वर्ग 3-16 के बच्चे नियमित रूप से रहते हैं) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बंद घर | कोई प्रतिक्रिया नहीं | बिना बच्चों वाला घर | घर के मुखिया का पूरा नाम | इस घर में आयु वर्ग 3-16 के कितने बच्चे नियमित रूप से रहते हैं? | सर्वेक्षित घर का नं. |
| 1 | 1 | | | | श्याम तिवारी | 2 | 1 |
| 2 | 1 | ✓ | | | | | |
| 3 | 1 | | | | बीना सिंह | 1 | 2 |
| 4 | 1 | | | | राम कुमार | 1 | 3 |
| 5 | 1 | | | | जेबा मलिक | 3 | 4 |

**संक्षेप : गाँव में जाकर क्या करें?**

√ गाँव के सरपंच से मिलें और उन्हें 'सरपंच के लिए पत्र' देते हुए समझाएँ कि असर क्या है।

√ गाँव को समझने के लिए पूरे गाँव में घूमें, अवलोकन करें और उसके अनुसार गाँव की जानकारी प्रपत्र भरें।

√ गाँव में घूमते समय गाँव का कच्चा नक्शा बनाएँ। इस नक्शे को सुनिश्चित करें और फिर पक्का नक्शा सर्वेक्षण पुस्तिका में उतारें।

√ यदि गाँव हिस्सों/मुहल्लों में न बँटा हो तो बताए गए तरीके से गाँव को 4 हिस्सों में बाँटें।

√ यदि गाँव विभिन्न हिस्सों/मुहल्लों में बँटा हो तो हर हिस्से/मुहल्ले को नक्शे पर एक नंबर दें। किन्हीं 4 हिस्सों/मुहल्लों को रैंडम रूप से सर्वेक्षण के लिए चुनें और उन्हें नक्शे पर चिह्नित करें।

√ हर चयनित हिस्से/मुहल्ले में 'हर 5वें घर के नियम' के अनुसार सर्वेक्षण करने के लिए ऐसे 5 घरों को चुनें जिन में आयु वर्ग 3-16 के बच्चे हों।

√ यदि किसी घर में एक से ज़्यादा रसोई हो तो उस रसोई को चुनें जहाँ से उत्तरदाता का परिवार खाता हो।

√ सर्वेक्षण के दौरान उस प्रत्येक घर की जानकारी घर लॉग प्रपत्र में रिकॉर्ड करें जिनमें आप गए हैं।

- यदि किसी घर में आयु वर्ग 3-16 का बच्चा न मिले या घर बंद हो या उस घर से कोई प्रतिक्रिया न मिली हो, तो ऐसे घर की जानकारी घर लॉग प्रपत्र में रिकॉर्ड करें और उसके बगल वाले घर में जाएँ। इसे सर्वेक्षित घरों की में न गिनें।
- यदि किसी घर में बच्चे हैं लेकिन वे नियमित रूप से घर में नहीं रहते हैं या आयु वर्ग 3-16 के नहीं हैं, तो उन्हें बिना बच्चों वाले घरों में शामिल करें।
- यदि किसी घर में आयु वर्ग 3-16 के बच्चे हैं, तो उनकी बुनियादी जानकारी घर लॉग प्रपत्र में भरें और उस घर का सर्वेक्षण करें।

√ सर्वेक्षण तब तक जारी रखें जब तक 4 विभिन्न हिस्सों/मुहल्लों में से बच्चों वाले कुल 20 घरों का सर्वेक्षण न हो जाए।

# घर सर्वेक्षण प्रपत्र

राज्य : ____________ ज़िला : ____________ ब्लॉक : ____________ गाँव : ____________

**भाग-1**

| घर का नंबर | |
|---|---|

घर के मुखिया का पूरा नाम ____________

परिवार के उन लोगों की कुल संख्या जो एक ही चूल्हे से खाते हैं [ ]

| | |
|---|---|
| उत्तरदाता का नाम | |
| नक्शे से हिस्से/मुहल्ले का नंबर और/या हिस्से/मुहल्ले का नाम लिखें | |

सर्वेक्षकों के नाम
1. ____________
2. ____________

सर्वेक्षण की दिनांक ____________
सर्वेक्षण का दिन ____________
सर्वेक्षण शुरू करने का समय ____________

**भाग-2**

| क्रम संख्या | माता का नाम | बच्चे की सामान्य जानकारी : आयु वर्ग 3-16 के लिए — बच्चे का नाम (आयु 3-16 के वे बच्चे जो इस घर में नियमित रूप से रहते हैं) | आयु | लिंग (M/F) | सभी 3-16 आयु वर्ग के बच्चों के लिए — विद्यालय जाने वाले बच्चे (जो अभी विद्यालय में नामांकित हैं) — एक ही विकल्प चुनें: आंगनवाड़ी | LKG/UKG/NUR/बालवाड़ी | कक्षा | विद्यालय का प्रकार (एक ही विकल्प चुनें): सरकारी | निजी | मदरसा | EGS/AIE, अन्य | क्या बच्चा सर्वेक्षण किए गए विद्यालय में जाता है?: हाँ | नहीं | बच्चे के विद्यालय में निर्देश का माध्यम क्या है? (कोड लिखें) | विद्यालय न जाने वाले बच्चे (जो अभी विद्यालय में नामांकित नहीं हैं): कभी नामांकन नहीं हुआ | ड्रॉपआउट: ड्रॉपआउट | बच्चे ने कौन सी कक्षा से विद्यालय जाना छोड़ा? | बच्चे ने कौन से वर्ष से विद्यालय जाना छोड़ा? (जैसे : 2016)? | ट्यूशन — क्या वर्तमान में बच्चा पैसे देकर ट्यूशन पढ़ने जाता है?: हाँ | नहीं | शिक्षण की स्थिति : आयु वर्ग 5-16 के लिए — बुनियादी शिक्षण स्तर (आयु वर्ग 5-16 के सभी बच्चों की जाँच करें): भाषा जिसमें बच्चे की पढ़ने की जाँच की गई है (कोड लिखें) | सेम्पल नंबर (1/2/3/4) | पढ़ना (केवल उच्चतम स्तर पर ✓निशान लगाएँ): प्रारंभिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | गणित (केवल उच्चतम स्तर पर ✓निशान लगाएँ): प्रारंभिक | अंक पहचान 1-9 | संख्या पहचान 11-99 | घटाव | भाग | अंग्रेज़ी — पढ़ना (केवल उच्चतम स्तर पर ✓निशान लगाएँ): प्रारंभिक | बड़े अक्षर | छोटे अक्षर | शब्द | वाक्य | अर्थ — शब्द: बता सकता है | नहीं बता सकता है | अर्थ — वाक्य: बता सकता है | नहीं बता सकता है | पिता की जानकारी: आयु | क्या पिता कभी विद्यालय गए हैं?: हाँ | नहीं | यदि विद्यालय गए हैं, तो कौनसी कक्षा तक पढ़ाई पूरी की है? |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | कुल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**भाग-2**

| क्रम संख्या | माता की जानकारी — माता का नाम | आयु | क्या माता कभी विद्यालय गई हैं?: हाँ | नहीं | यदि विद्यालय गई हैं, तो कौन सी कक्षा तक पढ़ाई पूरी की है? |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |

| घर की भाषा |
|---|
| घर में ज़्यादातर कौन सी भाषा बोली जाती है? (कोड लिखें) |
| |

**भाग-3**

घरेलू संकेतक (उचित स्थान पर निशान लगाएँ)

| घर किस प्रकार: पक्का | आधा कच्चा | कच्चा | मोटर चलित चार पहिया वाहन (कार, जीप इत्यादी): हाँ | नहीं | मोटर चलित दुपहिया वाहन (मोटर साईकिल /स्कूटर): हाँ | नहीं | बिजली का कनेक्शन है? (तार व फिटिंग को देखें): हाँ | नहीं | यदि घर में बिजली का कनेक्शन है, तो क्या आज बिजली थी?: हाँ | नहीं | घर में शौचालय है?: हाँ | नहीं | घर में टी.वी. है?: हाँ | नहीं | मोबाइल फ़ोन — घर में मोबाइल फ़ोन है?: हाँ | नहीं | यदि हाँ, तो क्या वह स्मार्टफ़ोन है?: हाँ | नहीं | यदि हाँ, तो घर में कितने स्मार्टफ़ोन हैं?: संख्या लिखें | यदि स्मार्टफ़ोन है तो क्या आज इंटरनेट उपलब्ध था?: हाँ | नहीं | पता नहीं | पढ़ने की सामग्री (विद्यालय की किताबों और धार्मिक किताबों के अलावा) — अखबार रोज़ आता है (पूछें): हाँ | नहीं | अन्य (किताबें, पत्रिका इत्यादि): हाँ | नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| क्या घर में किसी ने 12 वीं कक्षा पूरी की है?*: हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|
| | | |

*उपर्युक्त माता और पिता को इसमें शामिल न करें।

| क्या घर में किसी को कंप्यूटर इस्तेमाल करना आता है?: हाँ | नहीं |
|---|---|
| | |

| घर का मोबाइल नंबर | |
|---|---|

| सर्वेक्षण खत्म करने का समय | |
|---|---|

# D. हर घर में क्या करें?

**उद्देश्य :** चयनित घरों और उनके सदस्यों की आवश्यक जानकारी एकत्रित करना।
**प्रपत्र :** घर सर्वेक्षण प्रपत्र

## भाग 1 : सामान्य जानकारी

घर सर्वेक्षण प्रपत्र के भाग 1 को देखें।

घर सर्वेक्षण प्रपत्र के भाग 1 में घर से संबंधित सामान्य जानकारी भरें :

- **घर का नंबर :** प्रत्येक प्रपत्र पर घर की संख्या लिखें। सर्वेक्षण किए गए पहले घर के लिए '1' लिखें, सर्वेक्षण किए गए दूसरे घर के लिए '2' लिखें और इसी प्रकार से 20 घर पूरे होने तक घर का नंबर लिखें।
- **घर के मुखिया का नाम :** घर के मुखिया का पूरा नाम लिखें।
- **नक्शे से उस हिस्से/मुहल्ले का नंबर** लिखें जिससे वह घर चुना गया हो।
  *नोट : यह जानकारी घर लॉग प्रपत्र के 'सर्वेक्षित घर' ब्लॉक से मिलनी चाहिए।*
- **उत्तरदाता का नाम :** 'उत्तरदाता' चयनित घर में उपस्थित वह वयस्क है जो सर्वेक्षण के दौरान आपको जानकारी दे रहा है। 14 वर्ष या उससे बड़े व्यक्ति को आप उत्तरदाता मान सकते हैं।
- **परिवार के उन लोगों की कुल संख्या जो नियमित रूप से एक ही चूल्हे से खाते हैं :** घर में उपस्थित वयस्कों से यह संख्या पूछें और कुल संख्या लिखें। यदि घर में एक से अधिक रसोई/चूल्हा है, तो केवल उन्हीं लोगों की संख्या लिखें जो नियमित रूप से उत्तरदाता के चूल्हे से खाते हैं।

## भाग 2 : घर में रहने वाले बच्चों और वयस्कों से संबंधित जानकारी

घर सर्वेक्षण प्रपत्र के भाग 2 को देखें।

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र में ऐसे किसी भी बच्चे/वयस्क की जानकारी नहीं भरी जाएगी जो नियमित रूप से उस घर में न रहता हो और उत्तरदाता के चूल्हे से न खाता हो।**

सर्वेक्षण के लिए चुने गए घर में 3-16 आयु वर्ग के उन सभी बच्चों से संबंधित जानकारी एकत्रित करें जो नियमित रूप से उस घर में रहते हैं तथा उसी रसोई (चूल्हे) से खाना खाते हैं। इन बच्चों की पहचान करने के लिए घर के सदस्यों की सहायता लें। ऐसे सभी बच्चों को शामिल करें, भले ही उनके माता-पिता दूसरे गाँव में रहते हों या वे घर में काम करने वालों के बच्चे हों।

**बच्चों को चुनने के नियम**

- **इन बच्चों को शामिल करें :**
  - **बड़े बच्चे :** अक्सर 11 से 16 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों को बच्चा नहीं माना जाता है। उन्हें 'बच्चा' कहकर संबोधित न करें। घर में रहने वाले 3-16 वर्ष के सभी सदस्यों के बारे में पूछें जिससे कि इस आयु वर्ग से कोई भी छूट न जाए। अक्सर बड़े बच्चे जो पढ़ नहीं सकते वे जाँच के लिए बहुत हिचकिचाते और शर्माते हैं। इस बात से संवेदनशील रहें।
  - **जो सर्वेक्षण के समय घर पर नहीं हैं :** अक्सर बच्चे घर या खेती के कार्य में व्यस्त रहते हैं। यदि कोई बच्चा घर पर नहीं है पर आस-पास ही है, तो आप उस बच्चे की जानकारी जैसे कि बच्चे का नाम, आयु और विद्यालय की शिक्षण स्थिति भर लें। घर के सदस्यों से उस बच्चे को बुलाने को कहें ताकि आप उस बच्चे से स्वयं बात कर सकें। यदि वह बच्चा उसी समय नहीं आ पाता है, तो उस घर को चिह्नित करें और जब अन्य घरों का सर्वेक्षण पूरा हो जाए तो पुनः एक बार इस घर में जाकर बच्चे की जाँच पूरी करें।

    यदि घर में ऐसे बच्चे हैं जो सर्वेक्षण के दिन गाँव से बाहर गए हुए हैं परंतु नियमित रूप से उसी घर में रहते हैं (उदाहरण : यदि कोई बच्चा अपने रिश्तेदारों से मिलने गया हो), तो आप उन बच्चों की जानकारी भर लें, भले ही आप उनकी जाँच न कर पाएँ। **ऐसी परिस्थिति में बच्चे की जाँच न होने का कारण उस घर के घर सर्वेक्षण प्रपत्र के पीछे लिखें। ऐसे सभी घरों को उन 20 सर्वेक्षित घरों में गिनें जहाँ बच्चे नियमित रूप से रहते हैं लेकिन जहाँ उनकी जाँच नहीं हो पाई।**
  - **जो अपने रिश्तेदारों के साथ सर्वेक्षण के लिए चुने गए घर में नियमित रूप से रहते हैं :** इन बच्चों को शामिल करें क्योंकि वे नियमित रूप से चयनित घर में रहते हैं। यदि उनके माता-पिता उस घर में नियमित रूप से नहीं रहते है, तो माता-पिता की जानकारी न भरें।

- **इन बच्चों को शामिल न करें** :
  - o **जो नियमित रूप से सर्वेक्षण के लिए चुने गए घर में नहीं रहते हैं :** ऐसे बच्चों को सर्वेक्षण में शामिल न करें जो नियमित रूप से उस घर में नहीं रहते हैं (उदाहरण : बच्चे जो पढ़ाई के लिए किसी अन्य गाँव में रह रहे हैं या वे बच्चे जिनकी शादी हो गई हैं और वे किसी अन्य घर में रह रहे हैं)। भले ही बच्चा सर्वेक्षण के दौरान चयनित घर में उपस्थित है, उसकी जानकारी न भरें।
  - o **बाहर से आए हुए बच्चे :** ऐसे बच्चों को शामिल न करें जो अपने रिश्तेदारों या दोस्तों से मिलने आए हैं क्योंकि वे चयनित घर में नियमित रूप से नहीं रहते हैं।

*नोट : बहुत से बच्चे आपके पास आएँगे और जाँच में सम्मिलित होना चाहेंगे। ऐसे बच्चों को निराश न करें। आप उनसे बातचीत कर सकते हैं परंतु आँकड़े केवल उन्हीं बच्चों के रिकॉर्ड किए जाएँगे जो रैंडम रूप से चयनित 20 घरों में नियमित रूप से रहते हैं।*

**माता के संदर्भ में जानकारी :** हर बच्चे की जानकारी भरना शुरू करने से पहले बच्चे की माता का नाम पूछें। बच्चे की माता का नाम तभी नोट करें यदि वह जीवित है तथा नियमित रूप से घर में रहती है। यदि बच्चे की माता का देहांत हो गया हों या वह नियमित रूप से इस घर में न रहती हों, तो हम उनका नाम नोट नहीं करेंगे। यदि बच्चे की माता का देहांत हो गया है या उनका तलाक हो गया है तथा बच्चे की सौतेली माता (बच्चे के पिता की मौजूदा पत्नी) घर में रह रही है, तो हम सौतेली माता का नाम बच्चे की माता के रूप में लिखेंगे। दिए गए खाने 'माताओं की जानकारी' में माता की आयु और शैक्षणिक स्थिति नोट करें। माता की शिक्षा संबंधित जानकारी लेते समय उनके द्वारा पूरी की गई आखिरी कक्षा लिखें। ग्रेजुएट के लिए बी.ए., बी.कॉम, आदि लिखें।

**बच्चे :**

अब हम जान गए हैं कि किन बच्चों का सर्वेक्षण करना है तो आएँ देखें कि हर बच्चे के लिए क्या जानकारी एकत्रित करनी है। ध्यान रखें कि हर बच्चे के लिए घर सर्वेक्षण प्रपत्र की एक पंक्ति का उपयोग करना है।

**निम्नलिखित जानकारी 3-16 आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए भरें :**

1. **बच्चे का नाम, आयु और लिंग :** सर्वेक्षण के लिए चयनित हर बच्चे का नाम, **आयु (जो पूरी कर चुका हो)** और लिंग लिखें। लिंग के अंतर्गत लड़कियों के लिए 'F' लिखें और लड़कों के लिए 'M' लिखें (F= Female, M= Male)।
2. **विद्यालय जाने वाले बच्चों के लिए (जो अभी विद्यालय में नामांकित हैं) :**

**ब्लॉक 1 : 'विद्यालय जाने वाले बच्चे' के खाने के नीचे बच्चे की कक्षा और 'विद्यालय का प्रकार' इस तरह भरें :**

- यदि बच्चा आंगनवाड़ी जाता है, तो 'आंगनवाड़ी' के अंतर्गत चिह्नित करें। 'विद्यालय का प्रकार' के खाने में 'सरकारी' के अंतर्गत चिह्नित करें।
- यदि बच्चा पूर्व-प्राथमिक विद्यालय में जाता है, तो 'LKG/UKG/NUR/बालवाड़ी' के अंतर्गत चिह्नित करें। ध्यान रखें कि 'विद्यालय का प्रकार' में निजी विद्यालय के लिए 'निजी' के अंतर्गत चिह्नित करें और सरकारी पूर्व प्राथमिक कक्षा के लिए 'सरकारी' के अंतर्गत चिह्नित करें।
- 1-12 वीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे के लिए 'कक्षा' के खाने के अंतर्गत वह अंक (नंबर) लिखें जिस कक्षा में बच्चा वर्त्तमान में जाता है। 'विद्यालय का प्रकार' खाने के नीचे उचित प्रकार के विद्यालय के अंतर्गत चिह्नित करें।
- यदि बच्चा दो विद्यालयों में नामांकित है और दोनों विद्यालयों में पढ़ने जाता है, तो सिर्फ उस विद्यालय की जानकारी नोट करें जहाँ बच्चा नियमित रूप से जाता है।

**ब्लॉक 2 : बच्चा सर्वेक्षित विद्यालय जाता है या नहीं :** बच्चे से यह भी पूछें कि क्या वह उस सरकारी विद्यालय में जाता है जिसका आप सर्वेक्षण कर चुके हैं या करेंगे। यदि बच्चा ऐसी आंगनवाड़ी में जाता हो जो सर्वेक्षित विद्यालय के परिसर में स्थित है, तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें। यह जानकारी विद्यालय न जाने वाले बच्चों से न पूछें।

ऐसा हो सकता है कि आप घरों का सर्वेक्षण विद्यालय के अवलोकन से पहले कर रहे हों। इस परिस्थिति में यह सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त प्रश्न उसी विद्यालय के लिए पूछा जाए जिसका आप दूसरे दिन सर्वेक्षण करने वाले हैं।

**ब्लॉक 3 : निर्देश का माध्यम :** इस खाने में उस भाषा का कोड लिखें जो बच्चे के विद्यालय में निर्देश का माध्यम है। सर्वेक्षण पुस्तिका में दी गई **भाषा कोड लिस्ट** के उपयोग से उस भाषा का कोड ढूंढे और लिखें। उदाहरण के लिए अंग्रेज़ी मीडियम विद्यालय के लिए कोड '280' लिखें। यदि आप इसके बारे में अनिश्चित हैं तो उत्तरदाता से पूछें कि बच्चे की गणित की पुस्तक किस भाषा में लिखी है और उस भाषा का कोड लिखें।

जो भाषा कोड लिस्ट आपके राज्य के लिए दी गई है, उसमें सबसे ऊपर राज्य में सबसे अधिक बोली जाने वाली 10 भाषाएँ कोड के साथ दी गई हैं, और उसके बाद सभी भाषाएँ वर्णानुक्रम में दी गई हैं।

3. **विद्यालय न जाने वाले बच्चे (जो अभी विद्यालय में नामांकित नहीं हैं) :** 'विद्यालय न जाने वाले बच्चे' के खाने के नीचे दी गई जानकारी इस तरह भरें :

- **कभी नामांकन नहीं हुआ है :** यदि बच्चे का कभी विद्यालय में नामांकन नहीं हुआ है, तो 'विद्यालय में कभी नामांकन नहीं हुआ' के अंतर्गत चिह्नित करें।

- **ड्रॉपआउट :**
  - यदि बच्चा ड्रॉपआउट हुआ है, तो 'ड्रॉपआउट' के अंतर्गत चिह्नित करें।
  - वह कक्षा नोट करें जिसमें बच्चा पढ़ रहा था जब वह ड्रॉपआउट हुआ। **इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि वह उस कक्षा में पास हुआ या फेल।** इस जानकारी को पूछते समय संवेदनशील रहें।
  - वह वर्ष नोट करें जब बच्चे ने विद्यालय जाना छोड़ा। उदाहरण के लिए, यदि बच्चा 2018 में ड्रॉपआउट हुआ तो '2018' लिखें। इस प्रकार से यदि बच्चा इस साल में पिछले कुछ महीनों में ड्रॉपआउट हुआ, तो '2022' लिखें।

4. **ट्यूशन :** उत्तरदाता से पूछें कि क्या बच्चा वर्तमान में किसी प्रकार की ट्यूशन (अर्थात् विद्यालय से अतिरिक्त **शुल्क देकर** ग्रहण किया गया शिक्षण) लेता है, और उत्तर के अनुसार 'हाँ' या 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें। इसमें ऑनलाइन ट्यूशन भी शामिल करें।

**बच्चों की जानकारी भरना :**

**Case 1 :** रिया 4 साल की बच्ची है जो गाँव की आंगनवाड़ी में नामांकित है जो सर्वेक्षित विद्यालय से 3 किलोमीटर दूर है। उसकी आंगनवाड़ी एक्टिविटी वर्कबुक हिंदी में है। वह कोई ट्यूशन नहीं लेती है।

**Case 2 :** सलीम गाँव के सर्वेक्षित सरकारी स्कूल में पूर्व-प्राथमिक कक्षा में नामांकित 5 वर्षीय बच्चा है। उसका विद्यालय अंग्रेज़ी मीडियम का है, और वह अंग्रेज़ी की ट्यूशन भी लेता है।

**Case 3 :** कबीर 12 साल का बच्चा है जो गाँव के मदरसा और सर्वेक्षित सरकारी विद्यालय दोनों में नामांकित है। उत्तरदाता आपको बताते हैं कि वह नियमित रूप से सरकारी विद्यालय में जाता है, जहाँ वह कक्षा 5 में नामांकित है। विद्यालय में निर्देश का माध्यम हिंदी है। कबीर ट्यूशन नहीं जाता है।

**Case 4 :** राहुल एक 14 साल का लड़का है, जिसने 2021 में 8वीं कक्षा में फ़ेल होने के बाद विद्यालय जाना छोड़ दिया था। वह अपनी अंग्रेज़ी और गणित सुधारने के लिए ट्यूशन ले रहा है।

**Case 5 :** ज़ोया एक 16 साल की लड़की है, जो गाँव के निजी विद्यालय में कक्षा 10 में नामांकित है। हालाँकि उसकी पाठ्यपुस्तकें अंग्रेजी में है, वह आपको बताती है कि उसके शिक्षक उससे हिंदी में बात करते हैं। वह ट्यूशन नहीं लेती है।

**Case 6 :** मीता 10 साल की बच्ची है, जो एक उर्दू माध्यम के सरकारी विद्यालय में कक्षा 4 में नामांकित है। यह वह सरकारी विद्यालय है जिसे आपने गाँव के नक्शे में चिह्नित किया था, लेकिन इसका सर्वेक्षण नहीं किया था। वह हर दूसरे दिन नृत्य की क्लास जाती है।

| क्रम संख्या | बच्चे की सामान्य जानकारी : आयु वर्ग 3-16 के लिए | | | सभी 3-16 आयु वर्ग के बच्चों के लिए | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विद्यालय जाने वाले बच्चे (जो अभी विद्यालय में नामांकित हैं) | | | | | | | | | | विद्यालय न जाने वाले बच्चे (जो अभी विद्यालय में नामांकित नहीं हैं) | | | | ट्यूशन | |
| | | | | एक ही विकल्प चुनें | | | विद्यालय का प्रकार (एक ही विकल्प चुनें) | | | | क्या बच्चा सर्वेक्षण किए गए विद्यालय में जाता है? | | बच्चे के विद्यालय में निर्देश का माध्यम क्या है? (कोड लिखें) | कभी नामांकन नहीं हुआ | ड्रॉपआउट | | | क्या वर्तमान में बच्चा पैसे देकर ट्यूशन पढ़ने जाता है? | |
| | बच्चे का नाम (आयु 3-16 के वे बच्चे जो इस घर में नियमित रूप से रहते हैं) | आयु | लिंग (M/F) | आंगनवाड़ी | LKG/UKG/NUR/ बालवाड़ी | कक्षा | सरकारी | निजी | मदरसा | EGS/AIE, अन्य | हाँ | नहीं | | | ड्रॉपआउट | बच्चे ने कौन सी कक्षा से विद्यालय जाना छोड़ा? | बच्चे ने कौन से वर्ष से विद्यालय जाना छोड़ा (जैसे : 2016)? | हाँ | नहीं |
| 1 | रिया | 4 | F | ✔ | | | ✔ | | | | | ✔ | 101 | | | | | | ✔ |
| 2 | सलीम | 5 | M | | ✔ | | ✔ | | | | ✔ | | 280 | | | | | ✔ | |
| 3 | कबीर | 12 | M | | | 5 | ✔ | | | | ✔ | | 101 | | | | | | ✔ |
| 4 | राहुल | 14 | M | | | | | | | | | | | | ✔ | 8 | 2021 | ✔ | |
| 5 | ज़ोया | 16 | F | | | 10 | | ✔ | | | | ✔ | 280 | | | | | | ✔ |
| 6 | मीता | 10 | F | | | 4 | ✔ | | | | | ✔ | 110 | | | | | | ✔ |

**पिता के संदर्भ में जानकारी :** हर बच्चे की जानकारी की पंक्ति के अंत में, हम बच्चे के पिता की आयु तथा शिक्षण संबंधित जानकारी लेते हैं। हम यह जानकारी तभी लेंगे जब पिता जीवित हों तथा नियमित रूप से घर में रहते हों। यदि बच्चे के पिता की मृत्यु हो गई हों या वह नियमित रूप से घर में न रहते हों, तो हम यह जानकारी नोट नहीं करेंगे। यदि बच्चे के पिता की मृत्यु हो गई हों या उनका तलाक हो गया हो, तथा बच्चे के सौतेले पिता (बच्चे की माता के मौजूदा पति) घर में रह रहे हों, तो हम सौतेले पिता की जानकारी बच्चे के पिता के रूप में लिखेंगे। पिता की शिक्षा संबंधित जानकारी लेते समय उनके द्वारा पूरी की गई आखिरी कक्षा लिखें। ग्रेजुएट के लिए बी.ए., बी.कॉम आदि लिखें।

**घर की भाषा :** उत्तरदाता से पूछें कि घर के लोग ज़्यादातर किस भाषा में आपस में बातचीत करते है। उनके घर पर बोली जाने वाली स्थानिय भाषा या बोली जानने के लिए प्रोब/सवाल करें। सर्वेक्षण पुस्तिका में दिए गए भाषा कोड लिस्ट से उस बोली का कोड नोट करें। उदाहरण के लिए यदि उत्तरदाता बताते हैं कि घर के लोग आपस में उर्दू में बात करते हैं, तो कोड '110' लिखें।

## भाग 3 : घरेलू संकेतक

घर सर्वेक्षण प्रपत्र के भाग 3 को देखें।

जहाँ तक संभव हो इस भाग में पूछी गई जानकारी को अपने अवलोकन के आधार पर भरें। यदि किसी कारण से यह संभव न हो, तो घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर वह जानकारी भरें जो घर के सदस्यों से पूछने पर प्राप्त हो। अन्य लोगों से मिली जानकारी को नोट न करें। परिसंपत्ति जैसे टी.वी., मोबाइल फ़ोन आदि के संदर्भ में यह पूछें कि क्या वह घर में हैं और घर की संपत्ति हैं। यदि कुछ परिवार यह जानकारी देने में हिचकिचाएँ, तो उन्हें समझाएँ कि यह जानकारी परिवार की आर्थिक स्थिति और बच्चे की शिक्षा के स्तर के आपसी संबंध को समझने के लिए ली जा रही है।

- **बच्चा कैसे घर में रहता है :** घरों का वर्गीकरण नीचे दिया गया है :
  - **पक्का मकान :** पक्का मकान उस मकान को कहते हैं जिसकी दीवारें और छत निम्न सामग्री से बनी हुई है :
    - दीवारों के लिए सामग्री : भट्टी में पकी ईंटें (सीमेंट और चूने से चिपकी हुई), कंकरीट सीमेंट, इमारती लकड़ी इत्यादि।
    - छत के लिए सामग्री : टाइल, सरिया (लोहे की छड़), धातु की चादर, एस्बेस्टोस सीमेंट की शीट, RBC (Reinforced Brick Concrete), RCC (Reinforced Cement Concrete), इमारती लकड़ी इत्यादि।
  - **आधा कच्चा मकान :** ऐसा मकान जिसकी दीवारें पक्की सामग्री से बनी हुई हैं परंतु छत कच्ची है।
  - **कच्चा मकान :** यदि दीवार और छत ऊपर दी गई सामग्री के अलावा अन्य सामग्री जैसे कि कच्ची ईंटें, बाँस, मिट्टी, घास, सरकण्डा, फूस इत्यादि से बनी हैं, तो वह कच्चा मकान है।

- **मोटर चालित चार पहिया (4-wheeler) वाहन :** उत्तरदाता से पूछें कि क्या घर में चार पहिया मोटर चालित वाहन जैसे कि कार, जीप इत्यादि है। यदि हाँ, तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें, यदि नहीं है, तो 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें।

- **मोटर चालित दुपहिया (2-wheeler) वाहन :** उत्तरदाता से पूछें कि क्या घर में दुपहिया मोटर चालित वाहन जैसे कि मोटरसाईकिल या स्कूटर है। यदि हाँ, तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें, यदि नहीं है, तो 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें।

- **घर में बिजली :**
  - देखें कि क्या घर में तार/बिजली का मीटर और बिजली की फिटिंग, बल्ब है या नहीं और उसी के अनुसार 'हाँ' या 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें।
  - यदि घर में बिजली का कनेक्शन है, तो यह पूछें कि क्या आज घर में किसी समय पर बिजली थी। यह आवश्यक नहीं है कि बिजली तभी हो जब आप सर्वेक्षण कर रहे हैं।

- **शौचालय :** देखें कि क्या घर में निर्मित शौचालय की व्यवस्था है। अपने अवलोकन के अनुसार 'हाँ' या 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें। यदि आप शौचालय खुद से नहीं देख पाते हैं, तो पूछें कि क्या घर में शौचालय है या नहीं।

- **टी.वी. :** यह देखते हुए कि क्या घर में टी.वी. है या नहीं, 'हाँ' या 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें। यदि आप खुद से नहीं देख पाते हैं, तो पूछें कि क्या घर में टी.वी. है या नहीं। इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता है कि टी.वी. चालू स्थिति में है या नहीं।

- **मोबाइल फ़ोन :**
  - यदि घर में मोबाइल फ़ोन है तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें अन्यथा 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें।
  - यदि हाँ, और उन में से एक भी स्मार्टफ़ोन है, तो अगले प्रश्न में 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें अन्यथा 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें। स्मार्टफ़ोन एक ऐसा मोबाइल फ़ोन है जिसमें इंटरनेट की सुविधा है।
  - यदि घर में स्मार्टफ़ोन है, तो पूछें कि घर में कुल कितने स्मार्टफ़ोन हैं।
  - यदि घर में स्मार्टफ़ोन है, तो उत्तरदाता से पूछें कि क्या आज एक भी स्मार्टफ़ोन में इंटरनेट उपलब्ध है या नहीं।

- **पढ़ने की सामग्री :**
  - अखबार : यदि घर पर रोज़ अखबार आता है, तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें, अन्यथा 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें।
  - अन्य पढ़ने की सामग्री : इसमें कहानी की किताबें, पत्रिका इत्यादि शामिल हैं। कैलेण्डर, धार्मिक पुस्तकें और विद्यालय की पाठ्यपुस्तकें इसमें शामिल नहीं हैं। यदि ऊपर दी गई पठन सामग्री घर में मौजूद हो, तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें अन्यथा 'नहीं' के अंतर्गत चिह्नित करें।

**घर के लिए अन्य प्रश्न :**

- यदि घर में किसी ने 12वीं कक्षा पूरी की हों, तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें। इसमें उन माता और पिता को शामिल न करें जिनकी जानकारी इस प्रपत्र में पहले ही भरी जा चुकी है।

- यदि घर में कोई भी कंप्यूटर का उपयोग करना जानता हों, तो 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें।
- घर का मोबाइल नंबर : यदि घर में मोबाइल फ़ोन है तो प्रपत्र के निचले भाग में मोबाइल नंबर नोट करें। मोबाइल नंबर का उपयोग केवल रीचेक की प्रक्रिया के लिए किया जाएगा न कि किसी और संदर्भ में। घर के सदस्यों को बताएँ कि नंबर किसी और व्यक्ति के साथ साझा नहीं किया जाएगा।
- सर्वेक्षण खत्म होने का समय नोट करें।

*नोट : यदि आपको घर सर्वेक्षण प्रपत्र में पूछें गए किसी प्रश्न का उत्तर नहीं मिलता है, तो उस खाने को खाली छोड़ दें।*

*अक्सर सर्वेक्षण के दौरान भीड़ जमा हो जाती है और लोग जानना चाहते हैं कि आप क्या कर रहें हैं। विनम्रता बनाएँ रखें। उन्हें बताएँ कि आप क्या कर रहें हैं और क्यों। उन्हें 'असर' के बारे में बताएँ।*

*सर्वेक्षण समाप्त होने पर घर के लोगों को धन्यवाद ज़रूर दें। उन्होंने आपको अपना समय दिया और ज़रूरी जानकारी भी। उनके इस प्रयास को सराहें, न कि बस उठकर चलें जाएँ।*

**संक्षेप : हर घर में क्या करें?**

√ प्रत्येक प्रपत्र पर सवेक्षित घर का नंबर लिखें। पता करें कि उस घर में कितने सदस्य नियमित रूप से रहते हैं और उसी चूल्हे से खाना खाते हैं।

√ घर में आयु 3-16 के ऐसे सभी बच्चों की उचित जानकारी एकत्रित करें जो नियमित रूप से उस घर में रहते हैं और उसी रसोई/चूल्हे से खाते हैं।

√ उन माता और पिता की जानकारी लें जिनके बच्चों के नाम घर सर्वेक्षण प्रपत्र में लिखे हैं।

√ घरेलू संकेतकों की भी जानकारी लें। यह जानकारी खुद अवलोकन करके नोट करें। यदि आप अवलोकन नहीं कर पाते हैं, तो घर में रहने वाले सदस्य से यह जानकारी पूछें।

√ घर में रहने वाले 5-16 आयु वर्ग के बच्चों की बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच करें (जाँच के निर्देश के लिए भाग E देखें)।

# E. बच्चों के साथ क्या करें?

**उद्देश्य :** 5-16 वर्ष के बच्चों की जाँच के द्वारा उनके भाषा, गणित और सरल अंग्रेज़ी के उच्चतम स्तर का पता लगाना, जिसे वह आसानी से कर सकते हैं।
**प्रपत्र :** टेस्टिंग टूल पुस्तिका और घर सर्वेक्षण पुस्तिका

## जाँच के सामान्य निर्देश

**किसकी जाँच करें :** सर्वेक्षण के लिए चुनें गए घरों में नियमित रूप से रहने वाले 5-16 वर्ष के प्रत्येक बच्चे की तीनों टूल – भाषा, गणित और अंग्रेज़ी से जाँच करें।

**कैसे जाँच करें :** यह बहुत महत्वपूर्ण है कि जब हम बच्चों की जाँच करें, तो हमारी मनोस्थिति सही हो। हम लोग गाँव में मूल्यांकनकर्ता के रूप में **नहीं** जा रहे हैं। हम सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि **बच्चे बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी में आसानी से क्या कर सकते हैं।**

यह महत्वपूर्ण है कि आप बच्चों की जाँच के समय निम्नलिखित दिशानिर्देशों को ध्यान में रखें :

- **बच्चे के लिए सहज वातावरण हो :** बच्चे की जाँच करने से पहले उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करते हुए एक सहज माहौल तैयार कर लें। इसके लिए बच्चे से उसके पसंदीदा खेल, खाना, मित्र, त्योहार, कहानी या गीत के बारे में पूछें; यदि वह कभी मेले में गया है, उसे सबसे अच्छा क्या लगा आदि। जब आपको लगे कि बच्चा सहज महसूस करने लगा है, तब बच्चे को टूल दिखा कर बताएँ कि यह कोई परीक्षा नहीं है, यह केवल कुछ गतिविधियाँ हैं जो आप उनके साथ करना चाहते हैं। **ध्यान रखें कि आप और बच्चा एक ही स्तर पर बैठे हों,** अर्थात यदि आप कुर्सी पर बैठें हैं तो बच्चे को भी कुर्सी पर बिठाएँ। कोशिश करें कि जाँच की प्रक्रिया को आप खड़े होकर न करें।
- **बच्चे पर दूसरे लोगों का कोई दबाव न हो :** अक्सर परिवार के सदस्य और पड़ोसी यह देखने के लिए जमा हो जाते हैं कि बच्चे दिए गए कार्य को ठीक तरह से कर रहे हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में बच्चों को परेशानी हो सकती है। सर्वेक्षक यह सुनिश्चित करें कि ऐसा न हो। जब एक सर्वेक्षक बच्चे की जाँच कर रहा हो, तब दूसरा सर्वेक्षक अन्य लोगों से बात कर सकता है या दूसरे बच्चों के साथ कुछ अलग गतिविधियाँ कर सकता है।
- **बच्चे के साथ धैर्य बनाए रखें और उनको प्रोत्साहित करते रहें :** बच्चे ने जो भी प्रयास किया है उसकी प्रशंसा करते हुए उसे प्रोत्साहित करें। जब बच्चा पढ़ रहा हो या गणित के प्रश्नों को हल कर रहा हो तब उसके साथ धैर्य बनाए रखें। बच्चे को पढ़ने, सोचने और सवाल हल करने के लिए पर्याप्त समय दें। उसके साथ **जल्दबाज़ी न करें।**
- **बच्चा टूल के साथ परिचित हो :** बच्चे के उच्चतम स्तर (जिस स्तर के विभिन्न प्रश्न वह आसानी से कर सकता है) को समझने के लिए आपको उसे कई कार्य देने पड़ सकते हैं। अभ्यास और किसी कार्य से परिचित होना उस कार्य को करने में बच्चे की क्षमता को बेहतर कर सकता है। उदाहरण के लिए, हो सकता है कि बच्चा अनुच्छेद को धाराप्रवाह न पढ़ पाए लेकिन शब्दों को आसानी से पढ़ने के बाद वह अनुच्छेद को पढ़ ले। यह इसलिए क्योंकि वह उस टूल और कार्यों को करने में अब पहले से ज़्यादा सहज महसूस कर रहा है। इसलिए, हम बच्चे को अनुच्छेद **पढ़ने का एक और मौका देते हैं।** यदि आपको लगता है कि गणित के टूल में घटाव व भाग के सवालों में बच्चा जल्दबाज़ी के कारण गलती कर रहा है तो उसे पुनः वह सवाल सही से देखने को कहें।
- **अलग-अलग बच्चों के लिए अलग-अलग सैम्पल का इस्तेमाल करें :** प्रत्येक टेस्टिंग टूल के 4 सैम्पल हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चे एक दूसरे की नकल नहीं कर रहे हैं, एक घर में रहने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए अलग-अलग सैम्पल का उपयोग करें। **गाँव में सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक सैम्पल का प्रयोग समान रूप से करें।** इसका मतलब है कि यदि आपने एक घर में आखिरी बच्चे की जाँच सैम्पल 3 से की है, तो अगले घर में बच्चे की जाँच की शुरुआत सैम्पल 4 से करें।

## जाँच के नियम

1. 5-16 आयु वर्ग के सभी बच्चों की बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच की जाएगी। हम जानते हैं कि छोटे बच्चों को ज़्यादा पढ़ने में और गणित के सवाल सही से हल करने में कठिनाई होगी, परंतु एकरूपता रखने के लिए हर बच्चे के साथ समान प्रक्रिया का पालन करें।
2. एक बार में सिर्फ एक बच्चे की जाँच करें।
3. यह महत्वपूर्ण है कि एक ही सर्वेक्षक बच्चे से बात करें और उसकी जाँच करें।
4. **बच्चे की जाँच घर में ही करें।** घर के अलावा किसी अन्य जगह या विद्यालय में जाँच न करें।
5. पूरी जाँच प्रक्रिया के दौरान टेस्टिंग टूल बच्चे के हाथ में होना चाहिए।

6. जाँच के दौरान ध्यान रखें कि टेस्टिंग टूल सही तरीके से मोड़ा गया है ताकि बच्चा केवल वह भाग ही देख पाए जिससे उसकी जाँच होनी है।

7. ध्यान रखें कि एक बच्चे की पढ़ने, गणित और अंग्रेज़ी की जाँच एक ही सैम्पल से की जाए।

8. बच्चे को **गणित के प्रश्न घर सर्वेक्षण प्रपत्र के पीछे हल करने के लिए कहें।**

9. घर सर्वेक्षण प्रपत्र में हर बच्चे की जाँच के दौरान निम्नलिखित जानकारी अवश्य भरें :

   a) उस भाषा का कोड जिसमें बच्चे की जाँच हुई है (न कि उसके घर या विद्यालय में बोली जाने वाली भाषा)।

   b) बच्चे की जाँच में उपयोग किए टेस्टिंग टूल का सैम्पल नंबर।

   c) भाषा, गणित और अंग्रेज़ी में उच्चतम स्तर।

**उदाहरण:**

| बच्चे की सामान्य जानकारी : आयु वर्ग 3-16 के लिए | | | | | | शिक्षण की स्थिति : आयु वर्ग 5-16 के लिए | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | बुनियादी शिक्षण स्तर (आयु वर्ग 5-16 के सभी बच्चों की जाँच करें) | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | पढ़ना (केवल उच्चतम स्तर पर ✔निशान लगाएँ) | | | | | गणित (केवल उच्चतम स्तर पर ✔निशान लगाएँ) | | | | | अंग्रेज़ी | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | पढ़ना (केवल उच्चतम स्तर पर ✔निशान लगाएँ) | | | | | अर्थ | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | शब्द | | वाक्य | |
| क्रम संख्या | बच्चे का नाम (आयु 3-16 के वे बच्चे जो इस घर में नियमित रूप से रहते हैं) | आयु | लिंग (M/F) | भाषा जिसमें बच्चे की पढ़ने की जाँच की गई है (कोड लिखें) | सैम्पल नंबर (1/2/3/4) | प्रारंभिक | अक्षर | शब्द | अनुच्छेद | कहानी | प्रारंभिक | अंक पहचान 1-9 | संख्या पहचान 11-99 | घटाव | भाग | प्रारंभिक | बड़े अक्षर | छोटे अक्षर | शब्द | वाक्य | बता सकता है | नहीं बता सकता है | बता सकता है | नहीं बता सकता है |
| 1 | मोहित | 6 | M | 101 | 1 | | ✔ | | | | | ✔ | | | | ✔ | | | | | | | | |
| 2 | मुस्कान | 8 | F | 111 | 2 | | | ✔ | | | | | ✔ | | | | ✔ | | | | | | | |
| 3 | सलीम | 10 | M | 280 | 3 | | | | | ✔ | | | | | ✔ | | | | | ✔ | | | ✔ | |
| 4 | दिशा | 12 | F | 109 | 4 | | | | ✔ | | | | | ✔ | | | | | ✔ | | ✔ | | | |
| 5 | विजेन्द्र | 7 | M | 101 | 1 | ✔ | | | | | ✔ | | | | | ✔ | | | | | | | | |
| कुल संख्या | | | | | | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |

10. यदि बच्चे की प्राथमिक भाषा अंग्रेज़ी है, तो आप उसे पढ़ने का अंग्रेज़ी भाषा का टूल दें। फिर गणित और उसके बाद बुनियादी अंग्रेज़ी का टूल दें। चाहे बच्चे की प्राथमिक भाषा में पढ़ने की जाँच किसी भी भाषा में की गई हो, उसकी बुनियादी अंग्रेज़ी की जाँच करना अनिवार्य है।

## भाग 1 : पढ़ने की जाँच कैसे करें

### अनुच्छेद

**अनुच्छेद से शुरू करें :**

बच्चे को दिए गए दोनों अनुच्छेद में से कोई एक पढ़ने को कहें।
बच्चे को अनुच्छेद स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई एक अनुच्छेद पढ़ने को दें।
बच्चे को उंगली रखकर अनुच्छेद पढ़ने को कहें। बच्चा कैसे पढ़ता है यह ध्यान से सुनें।

बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर नहीं हैं यदि वह :

- अनुच्छेद को अलग-अलग शब्द की तरह पढ़े न कि वाक्यों की तरह।
- अनुच्छेद को अटक-अटक कर पढ़े और अक्सर रुक जाए।
- अनुच्छेद को धाराप्रवाह पढ़े पर **3 से ज़्यादा गलतियाँ** करे।

*यदि बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर नहीं है, तो उसे शब्द पढ़ने को कहें।*

बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर है यदि वह :

- अनुच्छेद को अलग-अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- अनुच्छेद को धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।
- पूरे अनुच्छेद को पढ़ने में **3 या 3 से कम गलतियाँ** करे।

*यदि बच्चा अनुच्छेद पढ़ सकता है, तो उसे कहानी पढ़ने को कहें।*

### शब्द

बच्चे को शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। उसे शब्दों को स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द उसे एक-एक करके पढ़ने को दें।

बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है, यदि वह **5 में से कम से कम 4** शब्द सही पढ़े।

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है, तो उसे पुनः वही अनुच्छेद पढ़ने को कहें और अनुच्छेद स्तर के निर्देशों का पालन करें।*

*यदि बच्चा 5 में से कम से कम 4 शब्द पढ़ सकता है, लेकिन अभी भी अनुच्छेद धाराप्रवाह और आसानी से नहीं पढ़ पाता है, तो उसे **'शब्द स्तर'** पर चिह्नित करें।*

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 शब्द भी नहीं पढ़ सकता है), तो उसे अक्षर पढ़ने को दें।*

### कहानी

बच्चे को उंगली रखकर कहानी पढ़ने को कहें।

बच्चा **'कहानी स्तर'** पर है यदि वह :

- कहानी को अलग-अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- कहानी को धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।
- पूरी कहानी को पढ़ने में **3 या 3 से कम गलतियाँ** करे।

*यदि बच्चा कहानी पढ़ सकता है, तो उसे **'कहानी स्तर'** पर चिह्नित करें।*

*यदि बच्चा **'कहानी स्तर'** पर नहीं है, तो उसे **'अनुच्छेद स्तर'** पर चिह्नित करें।*

### अक्षर

बच्चे को अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें।
बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर उसे एक-एक करके पढ़ने को दें।

बच्चा **'अक्षर स्तर'** पर है यदि वह **5 में से कम से कम 4** अक्षर सही पढ़े।

*यदि बच्चा **'अक्षर स्तर'** पर है, तो उसे पुनः शब्द पढ़ने को दें और शब्द स्तर के निर्देशों का पालन करें।*

*यदि बच्चा 5 में से कम से कम 4 अक्षरों को पढ़ सकता है, लेकिन अभी भी शब्द सही न पढ़ पाता है, तो उसे **'अक्षर स्तर'** पर चिह्नित करें।*

*यदि बच्चा **'अक्षर स्तर'** पर नहीं है (5 में से 4 अक्षर भी सही नहीं पढ़ सकता है), तो उसे **'प्रारंभिक स्तर'** पर चिह्नित करें।*

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर बच्चे का सबसे उच्चतम स्तर चिह्नित करें।**

## पढ़ने की जाँच में गलतियों का आंकलन :

जब आप बच्चे की जाँच करें, तो गलतियों के आंकलन के लिए बच्चे को ध्यान से सुनें। नीचे हिन्दी भाषा में पढ़ने की जाँच के कुछ ऐसे उदाहरण दिए गए हैं जो बताते हैं कि क्या गलती है और क्या नहीं :

### क्या गलती नहीं है :

- बच्चे *''आता''* को *''आते''* पढ़ रहे हैं या *''चाहते''* को *''चाहता''* पढ़ रहे हैं या *'है''* को *''था''* आदि। स्थानीय उच्चारण या उपयोग के कारण बच्चों के पढ़ने में भिन्नताएँ हो सकती हैं। इसे गलत न समझें।
- बच्चे पढ़ते समय एक शब्द को समान अर्थ वाले दूसरे शब्द से बदल देते हैं। उदाहरण के लिए *''बरसात का मौसम''* को बच्चा *''बरसात का समय''* ऐसे पढ़ता है, तो इसे गलत न समझें।
- यदि आप बच्चे से कहें कि ध्यान से पढ़ो, तो हो सकता है कि वह दोबारा पढ़ने में ऐसी गलती फिर न करे।
- कभी-कभी बच्चे किसी शब्द को गलत पढ़ते हैं। उदाहरण के लिए *''नींद''* को *''नदी''* या *''मज़ा''* को *''जमा''*। कभी-कभी बच्चे पढ़ते समय शब्द छोड़ देते हैं। ऐसा अक्सर इसलिए होता है क्योंकि बच्चे जल्दबाज़ी में पढ़ते हैं। ऐसी स्थिति में भी यदि बच्चे को फिर से पढ़ने को कहें, तो आमतौर पर वह फिर से वही गलती नहीं करते।

### क्या गलती है :

- यदि बच्चे को बार-बार मौका देने के बाद भी वही गलतियाँ दोहराए या कुछ शब्द न पढ़ पाए, तो इन्हें 'गलतियाँ' समझना चाहिए। इसका मतलब है कि बच्चे को उस स्तर पर पढ़ने में कठिनाई हो रही है।
- यदि बच्चा एक ही शब्द एक से अधिक बार गलत पढ़ता है, तो उसे एक ही गलती मानें।
- यदि अनुच्छेद पढ़ते समय बच्चे 3 से ज़्यादा गलतियाँ करे, तो उन्हें 'अनुच्छेद स्तर' पर नहीं रख सकते हैं। यही नियम कहानी के लिए भी लागू करें।

**पढ़ने की जाँच SAMPLE (1)**

**कहानी**

अमन के पिताजी दुकान चलाते थे। दिन भर सब ठीक चलता था। रात को चूहे बहुत परेशान करते थे। अमन ने चूहों को भगाने का एक तरीका सोचा। वह एक बड़ी बिल्ली ले आया। बिल्ली के डर से चूहे अब दुकान में नहीं आते हैं। पिताजी अमन से बहुत खुश हुए। वह अब आराम से दुकान चलाते हैं।

**अनुच्छेद**

राजू के पास एक गाय है।
वह हरी घास खाती है।
वह बहुत दूध देती है।
दूध से दही बनता है।

**अक्षर**

म र ध
ह ट
ड ब न
क ज

बच्चे से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

**शब्द**

नाक चूहा
खेत
मोर पीला
खुश
भैया रोटी

बच्चे से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

## भाग 2 : गणित की जाँच कैसे करें

**नोट : बच्चे को गणित के सवाल घर सर्वेक्षण प्रपत्र के पीछे हल करने को कहें।**

**घटाव से शुरू करें**

### घटाव : 2 अंकों का हासिल के साथ

बच्चे से घटाव के 2 सवाल हल करवाने हैं। बच्चे को घटाव के सवाल दिखाएँ। बच्चे को पहले कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप एक सवाल चुनें।

**बच्चे से सवाल में दी गई संख्याएँ पूछें और फिर उसे घटाव का चिह्न पहचानने को कहें।**

यदि बच्चा संख्याएँ और चिह्न दोनों को पहचान लेता है, तो उसे सवाल घर सर्वेक्षण प्रपत्र के पीछे लिखने एवं हल करने को कहें। देखें कि क्या वह उस सवाल का सही उत्तर देता है।

**यदि बच्चा घटाव का पहला सवाल गलत करे तब भी उसे दूसरा सवाल दें और ऊपर बताई गई प्रक्रिया से हल करवाएँ। यदि बच्चे का दूसरा सवाल सही है, तो उसे पहले सवाल को दोबारा हल करने की कोशिश करने दें।**

यदि बच्चा जल्दबाज़ी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे, तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

*यदि बच्चा **दोनों घटाव के सवाल सही हल नहीं** कर पाता है या घटाव के सवाल में दी गई संख्या या चिह्न नहीं पहचानता है, तो उसे संख्याएँ 11-99 पहचानने को कहें।*

*यदि वह घटाव का एक भी सवाल गलत करे तब भी उसे संख्याएँ 11-99 पहचानने को कहें।*

### संख्या पहचान (11-99)

बच्चे को संख्याओं की सूची में से कोई 5 संख्याएँ पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं संख्या चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई 5 संख्याएँ एक-एक करके पहचानने को कहें।

यदि वह **5 संख्याओं में से कम से कम 4** को सही पहचानता है, तो उसे **'संख्या पहचान (11-99 तक) स्तर'** पर चिह्नित करें।

*यदि बच्चा **'संख्या पहचान (11-99 तक) स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 संख्याएँ सही नहीं पहचानता), तो उसे 1-9 अंक पहचानने को कहें।*

### अंक पहचान (1-9)

बच्चे को अंको की सूची में से कोई 5 अंक पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं अंक चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई 5 अंक एक-एक करके पहचानने को कहें।

यदि वह **5 अंकों में से कम से कम 4 अंक** सही पहचानता है, तो उसे **'अंक पहचान (1-9 तक) स्तर'** पर चिह्नित करें।

यदि बच्चा **'अंक पहचान (1-9 तक) स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 अंक सही नहीं पहचानता), तो उसे **'प्रारंभिक स्तर'** पर चिह्नित करें।

*यदि बच्चा **दोनों** घटाव के सवाल सही करता है, तो उसे भाग का एक सवाल हल करने को दें।*

### भाग : 3 अंकों का 1 अंक से

बच्चे से भाग का 1 सवाल करवाना है। बच्चे को भाग के सवाल दिखाएँ। उसे कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनता है, तो आप उसके लिए एक सवाल चुनें।


उसे सवाल लिखने और हल करने को कहें।

देखें कि वह क्या करता है। यदि वह सवाल सही हल कर पाता है, तो उसे **'भाग स्तर'** पर चिह्नित करें।

**नोट : भागफल व शेषफल दोनों सही होने चाहिए।**

यदि बच्चा जल्दबाज़ी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे, तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

*यदि वह भाग का सवाल सही हल नहीं कर पाता है, तो उसे **'घटाव स्तर'** पर चिह्नित करें।*


**गणित की जाँच (SAMPLE 1)**

| अंक पहचान 1–9 | संख्या पहचान 11–99 | घटाव | भाग |
|---|---|---|---|
| 1 4 | 51 83 | 46 − 29 ; 63 − 39 | 7)879( |
| 7 3 | 37 65 | 47 − 28 ; 45 − 17 | 6)824( |
| 6 9 | 55 26 | 92 − 76 ; 84 − 57 | 8)985( |
| 5 2 | 91 43 | 52 − 14 ; 66 − 48 | 4)517( |
| | 36 27 | | |
| बच्चे से कोई भी 5 अंक पहचानने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए। | बच्चे से कोई भी 5 संख्या पहचानने को कहें। कम से कम 4 सही होनी चाहिए। | बच्चे से कोई भी 2 घटाव के सवाल करने को कहें। दोनों ही सही होने चाहिए। | बच्चे से कोई भी 1 भाग का सवाल करने को कहें। वह सही होना चाहिए। |

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर बच्चे का सबसे उच्चतम स्तर चिह्नित करें।**

## भाग 3 : अंग्रेज़ी की जाँच कैसे करें

अंग्रेज़ी टूल के 2 भाग हैं : पढ़ना और अर्थ।

- बच्चे को पहले अंग्रेज़ी पढ़ने को दें और उसके उच्चतम स्तर पर चिह्नित करें।
- उसके बाद बच्चे की अंग्रेज़ी की समझ की जाँच करें। **अंग्रेज़ी के अर्थ की समझ की जाँच सिर्फ उन्हीं बच्चों की होगी जिन्हें अंग्रेज़ी पढ़ने के भाग में शब्द या वाक्य स्तर पर चिह्नित किया गया है।**

### भाग 1 : पढ़ना

#### बड़े (Capital) अक्षर

**यहाँ से शुरू करें :** बच्चे से बड़े अक्षरों की सूची में से कोई 5 अक्षर पढ़ने को कहें। बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर एक-एक करके उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर नहीं है यदि उसने **5 में से कम से कम 4** बड़े अक्षर भी सही नहीं पढ़े।

*यदि बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 अक्षर भी सही नहीं पढ़ पाया), तो बच्चे को **'प्रारंभिक स्तर'** पर चिह्नित करें।*

बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर है यदि उसने **5 में से कम से कम 4** बड़े अक्षर सही पढ़े।

*यदि बच्चा **'बड़े अक्षर स्तर'** पर है, तो उसे छोटे अक्षर पढ़ने को दें।*

#### छोटे (Small) अक्षर

बच्चे से छोटे अक्षरों की सूची में से कोई 5 छोटे अक्षर पढ़ने को कहें। बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर एक-एक करके उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर नहीं है यदि उसने **5 में से कम से कम 4** छोटे अक्षर भी सही नहीं पढ़े।

*यदि बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 छोटे अक्षर भी सही नहीं पढ़ पाया), तो बच्चे को **'बड़े अक्षर स्तर'** पर चिह्नित करें।*

बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर है यदि उसने **5 में से कम से कम 4** छोटे अक्षर सही पढ़े।

*यदि बच्चा **'छोटे अक्षर स्तर'** पर है, तो उसे शब्द पढ़ने को दें।*

#### आसान शब्द

बच्चे से शब्दों की सूची में से कोई 5 शब्द पढ़ने को कहें। बच्चे को शब्दों को स्वयं चुनने दें। यदि बच्चा नहीं चुनता है, तो आप शब्दों की सूची में से कोई 5 शब्द उसे एक-एक करके पढ़ने को दें।

बच्चा **'शब्द स्तर'** पर नहीं है यदि उसने **5 में से कम से कम 4 शब्द** भी सही नहीं पढ़े।

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 शब्द भी सही नहीं पढ़ पाया), तो बच्चे को **'छोटे अक्षर स्तर'** पर चिह्नित करें।*

बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है यदि उसने **5 में से कम से कम 4** शब्द सही पढ़े।

*यदि बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है, तो उसे वाक्य पढ़ने को दें।*

#### आसान वाक्य

बच्चे से दिए गए सभी 4 वाक्य पढ़ने को कहें।

बच्चा **'वाक्य स्तर'** पर नहीं है यदि उसने :
- **4 में से कम से कम 2** वाक्य भी धाराप्रवाह नहीं पढ़े।
- वाक्यों की तरह न पढ़कर शब्दों की श्रृंखला की तरह पढ़े।
- वाक्यों को अटक-अटक कर या रुक-रुक कर पढ़े।

*यदि बच्चा वाक्य स्तर पर नहीं है, तो बच्चे को **'शब्द स्तर'** पर चिह्नित करें*
*और*
*बच्चे से जो शब्द उसने सही पढ़े हैं उनके अर्थ बताने को कहें।*

बच्चा **'वाक्य स्तर'** पर है यदि उसने :
- **4 में से कम से कम 2** वाक्य सही पढ़े।
- वाक्यों को वाक्य की तरह पढ़े न कि शब्दों की श्रृंखला की तरह पढ़े।
- वाक्यों को धाराप्रवाह और सही पढ़े भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।

*यदि बच्चा वाक्य स्तर पर है, तो बच्चे को **'वाक्य स्तर'** पर चिह्नित करें*
*और*
*बच्चे से जो वाक्य उसने सही पढ़े हैं उनके अर्थ बताने को कहें।*

**घर सर्वेक्षण प्रपत्र पर बच्चे के अंग्रेज़ी पढ़ने का सबसे उच्चतम स्तर चिह्नित करें।**

**अंग्रेज़ी के भाग 2 के लिए अगले पृष्ठ पर जाएँ**

## भाग 2 : अर्थ

**नोट : यदि बच्चे को 'शब्द स्तर' पर चिह्नित किया गया है, तो उससे सिर्फ शब्दों के अर्थ पूछें। यदि बच्चे को 'वाक्य स्तर' पर चिह्नित किया गया है, तो उससे सिर्फ वाक्यों के अर्थ पूछें।**

### शब्द स्तर के बच्चे के लिए

#### शब्दों के अर्थ

बच्चे को उसकी **स्थानीय भाषा** में उन शब्दों के अर्थ बताने को कहें जो उसने सही पढ़े हैं।

बच्चा शब्दों के अर्थ जानता है, यदि वह उसके पढ़े हुए शब्दों में से कम से कम 4 शब्दों के अर्थ सही बता पाता है। वह शब्दों के अर्थ नीचे दिए गए किसी भी तरीके से बता सकता है :

- स्थानीय भाषा में सही अर्थ बताकर

या

- शब्द से संबंधित किसी चीज़ की ओर इशारा करते हुए उस शब्द का अर्थ बताकर। उदाहरण के लिए – 'Man' का अर्थ बताने के लिए 'पिताजी' की ओर इशारा करे; 'Red' का अर्थ बताने के लिए उस चीज़ की ओर इशारा करे जो 'लाल' है आदि।

*यदि बच्चा **कम से कम 4** शब्दों के अर्थ सही बताता है, तो उसे शब्द-अर्थ के खाने में **'बता पाया'** के अंतर्गत् चिह्नित करें।*
*यदि बच्चा **कम से कम 4** शब्दों के अर्थ सही नहीं बताता है, तो उसे शब्द-अर्थ के खाने में **'नहीं बता पाया'** के अंतर्गत् चिह्नित करें।*

### वाक्य स्तर के बच्चे के लिए

#### वाक्यों के अर्थ

बच्चे को उसकी **स्थानीय भाषा** में उन वाक्यों के अर्थ बताने को कहें जो उसने सही पढ़े हैं।

बच्चा वाक्यों के अर्थ जानता है, यदि वह उसके पढ़े हुए वाक्यों में से कम से कम 2 वाक्यों के अर्थ सही बता पाता है। वह वाक्यों के अर्थ नीचे दिए गए किसी भी तरीके से बता सकता है :


- स्थानीय भाषा में सही अर्थ बताकर

या

- वाक्यों में कम से कम मुख्य रेखांकित शब्दों का अर्थ बताकर। उदाहरण के लिए – What is the time? में कम से कम 'क्या/कितना' और 'समय/वक्त' को बता पाए।

**नोट : मुख्य रेखांकित शब्दों के अर्थ एक-एक करके न पूछें।**

*यदि बच्चा **कम से कम 2** वाक्यों के अर्थ सही बताता है, तो उसे वाक्य-अर्थ के खाने में **'बता पाया'** के अंतर्गत् चिह्नित करें।*
*यदि बच्चा **कम से कम 2** वाक्यों के अर्थ सही नहीं बताता है, तो उसे वाक्य-अर्थ के खाने में **'नहीं बता पाया'** के अंतर्गत् चिह्नित करें।*



# विद्यालय अवलोकन प्रपत्र

राज्य : ____________ ज़िला : ____________ ब्लॉक : ____________

गाँव का नाम : ____________ विद्यालय का नाम : ____________

**निर्देश : गाँव के किसी एक सरकारी विद्यालय (कक्षा 1 से 7/8) में जाएँ। यदि गाँव में कक्षा 1 से 7/8 का कोई विद्यालय न हो, तो उस सरकारी विद्यालय में जाएँ जहाँ कक्षा 1 से 4/5 के बच्चों का नामांकन सबसे अधिक हो। ऐसे सरकारी विद्यालय में न जाएँ जहाँ कक्षा 1 से 4/5 तक की कोई कक्षा न हो। यदि गाँव में कक्षा 1 से 4/5 का कोई सरकारी विद्यालय न हो, तो किसी भी विद्यालय में न जाएँ। विद्यालय के मुख्य अध्यापक से मिलें। मुख्य अध्यापक के न होने पर विद्यालय के सबसे वरिष्ठ शिक्षक से मिलें।**

| विद्यालय में आने का समय | विद्यालय किस कक्षा से किस कक्षा तक है? (किसी एक पर सही का निशान लगाएँ) | | | उत्तरदाता की जानकारी | | | सर्वेक्षण का दिनांक | सर्वेक्षण का दिन | सर्वेक्षकों के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कक्षा 1 से 4/5 | कक्षा 1 से 6/7/8 | अन्य | नाम | | | | | |
| | | | | पद (✓ लगाएँ) | मुख्य अध्यापक | शिक्षक | | | 1. |
| | | | | फ़ोन नंबर | | | | | 2. |

| **1. बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति** | कक्षा 1 | कक्षा 2 | कक्षा 3 | कक्षा 4 | कक्षा 5 | कक्षा 6 | कक्षा 7 | कक्षा 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बच्चों का नामांकन (खुद रजिस्टर से लें)। | | | | | | | | |
| सर्वेक्षण के दिन उपस्थित बच्चे* | | | | | | | | |

*नोट : कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या गिनकर लिखें। यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कुल नामांकन लिखें। यदि एक से अधिक कक्षा के बच्चे एक साथ बैठे हों, तो प्रत्येक कक्षा के अनुसार बच्चों को हाथ उठाने को कहें और इसके आधार पर प्रत्येक कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या गिनकर लिखें।

| **2. विद्यालय में पढ़ाई का माध्यम (official) (पूछें) (कोड लिखें)** | | |
|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. |

| **3. शिक्षक** (कक्षा 1 और उससे बड़ी कक्षाओं को पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को गिनें) | कुल नियुक्ति (पूछें) | कुल उपस्थित (अवलोकन करें) |
|---|---|---|
| मुख्य अध्यापक (प्रभारी मुख्य अध्यापक को न गिनें) | | |
| नियमित सरकारी शिक्षक (मुख्य अध्यापक को न गिनें) | | |
| पैरा-शिक्षक (Para-teacher) | | |

**4. बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान/FLN संबंधित (पूछें)**

*कक्षा 3 के अंत तक सरल वाक्यों को समझकर पढ़ने और बुनियादी गणित के प्रश्नों को हल करने की क्षमता को FLN कहते हैं।*

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्या विद्यालय को वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 1-3 के लिए FLN संबंधित गतिविधियाँ कराने के लिए कोई सरकारी अधिसूचना/निर्देश प्राप्त हुआ है? | हाँ | नहीं | पता नहीं |
| क्या कम से कम एक शिक्षक ने FLN पाठ्यक्रम के तहत वैयक्तिक (ऑफलाइन) या NISHTHA, DIKSHA आदि जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर प्रशिक्षण पूर्ण किया है? | हाँ | नहीं | पता नहीं |

| **5. सुविधाओं का अवलोकन** | | |
|---|---|---|
| शौचालय के अलावा विद्यालय में पक्के कमरों की कुल संख्या (गिनकर लिखें) | | |
| सर्वेक्षण के दिन पढ़ाई के लिए उपयोग किए जा रहे कमरों की कुल संख्या (गिनकर लिखें) | | |
| ***अवलोकन करें और उचित स्थान पर ✓ लगाएँ :*** | **हाँ** | **नहीं** |
| क्या विद्यालय में ऑफिस/स्टोर/office-cum-store है? | | |
| क्या विद्यालय में पुस्तकालय की किताबें हैं? | | |
| **यदि हाँ,** तो क्या आपने बच्चों को पुस्तकालय की किताबों का प्रयोग करते हुए/पढ़ते हुए देखा? | | |
| क्या विद्यालय की पूरी चारदीवारी या बाड़ (fencing) है? | | |
| क्या विद्यालय में बिजली का कनेक्शन है? (तार व फिटिंग देखें) | | |
| **यदि हाँ,** तो क्या विद्यालय में आज बिजली थी? (देखें/पूछें) | | |
| क्या विद्यालय में बच्चों के प्रयोग के लिए कंप्यूटर है? | | |
| **यदि हाँ,** तो क्या आपने बच्चों को कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हुए देखा? | | |
| क्या आपने विद्यालय में हैंडपंप/नल देखा? | | |
| **यदि हैंड पंप/नल है,** तो क्या आप उस हैंडपंप/नल से पानी पी सके? | | |
| **यदि हैंडपंप/नल नहीं है या इस्तेमाल करने योग्य नहीं है,** तो क्या पीने के पानी की उपलब्धता है? | | |

**6. कक्षा का अवलोकन**

| अवलोकन करें (यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कोई एक चुनें) | | कक्षा 2 | | कक्षा 4 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | नहीं | हाँ | नहीं |
| क्या इस कक्षा के बच्चे किसी और कक्षा के बच्चों के साथ बैठे हुए हैं? | | | | | |
| क्या इस कक्षा के लगभग सभी बच्चों के पास भाषा की पाठ्यपुस्तकें हैं? | | | | | |
| क्या इस कक्षा के लगभग सभी बच्चों के पास गणित की पाठ्यपुस्तकें हैं? | | | | | |
| पाठ्यपुस्तकों के अलावा क्या इस कक्षा में आपने कोई अन्य शिक्षण सामग्री देखी (जैसे कि अन्य किताबें, दीवारों पर लगे चार्ट, चित्र/कहानी कार्ड आदि)? | | | | | |
| इस कक्षा के बच्चे कहाँ बैठे हुए हैं? (किसी एक पर निशान लगाएँ) | कमरे में | | | | |
| | बरामदे में | | | | |
| | खुली जगह में | | | | |

### 7. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) (पूछें)

| | | |
|---|---|---|
| क्या वर्तमान में इस विद्यालय के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) गठित है? | हाँ | नहीं |
| **यदि हाँ,** तो विद्यालय प्रबंधन समिति की पिछली बैठक कब हुई थी? | ______ / ______ / ________ (dd/mm/yyyy) | |

| 8. शारीरिक शिक्षा* | हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|---|
| क्या विद्यालय में हर सप्ताह में सभी कक्षाओं के लिए शारीरिक शिक्षा के लिए समय निर्धारित है? (पूछें) | | | |
| क्या विद्यालय में शारीरिक शिक्षा की कक्षा के लिए कोई अलग शिक्षक नियुक्त किया गया है? (पूछें) | | | |
| **यदि नहीं,** तो क्या कोई अन्य शिक्षक शारीरिक शिक्षा की कक्षा का नियमित रूप से संचालन करते हैं? (पूछें) | | | |
| **यदि कोई अन्य शिक्षक शारीरिक शिक्षा की कक्षा का संचालन करते हैं,** तो क्या उन्हें शारीरिक शिक्षा पर कोई प्रशिक्षण मिला है? (पूछें) | | | |
| क्या विद्यालय में खेल का मैदान है? (अवलोकन करें) | | | |
| क्या विद्यालय में खेल के उपकरण हैं? (अवलोकन करें) (बोर्ड खेल जैसे लूडो, शतरंज, कैरम इत्यादि को न गिनें) | | | |

*नोट : शारीरिक शिक्षा में सभी बहिर्कक्ष (outdoor) खेल जो उपकरणों के साथ खेले जाते हैं (जैसे क्रिकेट, फुटबॉल आदि) या बिना उपकरणों के खेले जाते हैं (जैसे योग, खो-खो, कबड्डी आदि) और कमरे के अंदर खेले जाते है (indoor) (जैसे टेबल टेनिस, बैडमिन्टन आदि) शामिल होंगे।

| 9. मध्याह्न भोजन | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन दिया गया? (पूछें) | | |
| क्या मध्याह्न भोजन पकाने के लिए कोई किचन/शेड है? (अवलोकन करें) | | |
| क्या आपने विद्यालय में खाना पकाते देखा? (अवलोकन करें) | | |
| क्या आपने आज बच्चों को परोसे जा रहे भोजन का कोई प्रमाण देखा (गंदे बर्तन या बाहर से लाया गया भोजन आदि साक्ष्य)? (अवलोकन करें) | | |

| 10. शौचालय* | क्या शौचालय है? | | यदि हाँ, तो क्या वह ताले से बंद है? | | यदि खुला है, तो क्या वह प्रयोग करने योग्य है? | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | हाँ | नहीं | बंद है | बंद नहीं है | हाँ | नहीं |
| लड़की | | | | | | |
| लड़का | | | | | | |
| सामायिक | | | | | | |
| शिक्षक | | | | | | |

*नोट : यदि विद्यालय में किसी एक प्रकार का एक से ज़्यादा शौचालय हो, तो उस शौचालय की जानकारी लें जो बेहतर स्थिति में है।

### 11. अनुदान की जानकारी (पूछें)

| अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | **यदि हाँ,** तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | | अप्रैल 2022 से सर्वेक्षण के दिन तक | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | **यदि हाँ,** तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | हाँ | नहीं | पता नहीं | हाँ | नहीं | पता नहीं | | हाँ | नहीं | पता नहीं | हाँ | नहीं | पता नहीं |
| वार्षिक कम्पोज़िट अनुदान | | | | | | | वार्षिक कम्पोज़िट अनुदान | | | | | | |

| 12. पाठ्यपुस्तक और यूनिफॉर्म (पूछें) | हाँ, सभी कक्षाओं के लिए | हाँ, कुछ कक्षाओं के लिए | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|---|---|
| क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए भाषा और गणित की पाठ्यपुस्तकें दी गई हैं? | | | | |
| **यदि नहीं,** तो क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए इन पाठ्यपुस्तकों को खरीदने के लिए फंड (पैसे) दिए गए हैं? | | | | |
| क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए यूनिफ़ॉर्म दी गई है? | | | | |
| **यदि नहीं,** तो क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए यूनिफ़ॉर्म खरीदने के लिए फंड (पैसे) दिए गए हैं? | | | | |

| 13. पूर्व प्राथमिक कक्षा | हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|---|
| क्या विद्यालय में कोई पूर्व प्राथमिक कक्षा है? (आंगनवाड़ी को शामिल न करें) (अवलोकन करें) | | | |
| **यदि हाँ,** तो क्या वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में इसके लिए कोई अनुदान (फंड) प्राप्त हुआ है? (पूछें) | | | |
| **यदि पूर्व प्राथमिक कक्षा है,** तो क्या इसमें पढ़ाने के लिए कोई अलग शिक्षक नियुक्त किया गया है? (पूछें) | | | |
| क्या विद्यालय परिसर में कोई आंगनवाड़ी है? (अवलोकन करें) | | | |

| विद्यालय से जाने का समय | |
|---|---|

# F. विद्यालय में जाकर क्या करें?

**उद्देश्य :** बच्चों के नामांकन, उपस्थिति और विद्यालय की बुनियादी सुविधाओं की जानकारी एकत्रित करना।
**प्रपत्र :** मुख्य अध्यापक के लिए पत्र और विद्यालय अवलोकन प्रपत्र
*नोट : आमतौर पर विद्यालय का अवलोकन सर्वेक्षण के पहले दिन किया जाता है। यदि आप विद्यालय का दौरा सर्वेक्षण के दूसरे दिन कर रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि यह वही विद्यालय है जिसे पहले दिन आपने अवलोकन के लिए चुना था और जिसके विषय में आपने सर्वेक्षित बच्चे से पूछ कर 'क्या बच्चा सर्वेक्षण किए गए विद्यालय में जाता है?' के अंतर्गत जानकारी भरी थी।*

## सामान्य निर्देश

- गाँव के किसी एक सरकारी विद्यालय (कक्षा 1 से 7/8) में जाएँ। यदि गाँव में कक्षा 1 से 7/8 का कोई विद्यालय न हो, तो उस सरकारी विद्यालय में जाएँ जहाँ कक्षा 1 से 4/5 के बच्चों का नामांकन सबसे ज़्यादा हो। यदि गाँव में कक्षा 1 से 4/5 का कोई सरकारी विद्यालय न हो, तो किसी भी विद्यालय में न जाएँ। विद्यालय अवलोकन प्रपत्र के ऊपरी बाएँ तरफ के खाने में विद्यालय प्रकार के अनुसार चिह्नित करें।
- मुख्य अध्यापक से मिलें। यदि मुख्य अध्यापक मौजूद न हों, तो सबसे वरिष्ठ शिक्षक से मिलें। वह आपके उत्तरदाता होंगे। उन्हें असर के बारे में बताते हुए अपना उद्देश्य समझाएँ और पत्र दें। विनम्र रहें। मुख्य अध्यापक और अन्य अध्यापकों को आश्वासित करें कि विद्यालय का और उनका नाम किसी को भी बताया नहीं जाएगा।
- उत्तरदाता से उनका फ़ोन नंबर माँगें और उन्हें बताएँ कि यह जानकारी रीचेक के लिए ली जा रही है। उत्तरदाता को यह आश्वासन दें कि उनकी जानकारी किसी और उद्देश्य से उपयोग नहीं की जाएगी।

  विद्यालय में प्रवेश करने का समय, दिन, दिनांक और सर्वेक्षकों के नाम नोट करें।

| विद्यालय में आने का समय | विद्यालय किस कक्षा से किस कक्षा तक? (किसी एक पर सही का निशान लगाएँ) | | | उत्तरदाता की जानकारी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9:30 A.M. | कक्षा 1 से 4/5 | कक्षा ✓ 1 से 6/7/8 | अन्य | नाम | मानसी कुमारी | |
| | | | | पद (✓ लगाएँ) | मुख्य अध्यापक ✓ | शिक्षक |
| | | | | फ़ोन नंबर | 98 X XXX XXXXX | |

## भाग 1 : बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति

- उत्तरदाता से नामांकन रजिस्टर या कोई अन्य औपचारिक दस्तावेज़ माँगें जिसमें विद्यालय के नामांकन की जानकारी हो।
- सभी कक्षाओं के नामांकन रजिस्टर से कुल नामांकित बच्चों की संख्या भरें। यदि एक कक्षा के अनेक सेक्शन (अनुभाग) हैं, तो सभी सेक्शन का कुल नामांकन नोट करें। यदि नामांकन रजिस्टर उपलब्ध नहीं है या मुख्य अध्यापक नामांकन रजिस्टर दिखाने से मना कर देतें है, तो वह नामांकन नोट करें जो उत्तरदाता बताएँ।
- **हर एक कक्षा में जाकर बच्चों की उपस्थिति स्वयं गिनकर नोट करें।** यदि एक से अधिक कक्षाओं के बच्चे मिलजुल कर इकट्ठे बैठे हुए हैं, तो शिक्षक की सहायता से अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को गिनें। इस स्थिति में कक्षावार हर कक्षा के बच्चों को अपने हाथ उठाने के लिए कहें। फिर उठे हुए हाथ गिनें और उसके अनुसार ध्यान से अवलोकन प्रपत्र में कक्षावार उपस्थिति नोट करें। ध्यान रहे कि केवल उन बच्चों को गिनना है जो उस समय कक्षा में उपस्थित हों।
- एक से अधिक सेक्शन वाली कक्षा की उपस्थिति : उन सभी सेक्शन के बच्चों को गिनें और उनको जोड़कर कुल उपस्थिति लिखें।

**उदाहरण :**

| 1. बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति | कक्षा 1 | कक्षा 2 | कक्षा 3 | कक्षा 4 | कक्षा 5 | कक्षा 6 | कक्षा 7 | कक्षा 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बच्चों का नामांकन (खुद रजिस्टर से लें)। | 30 | 35 | 40 | 39 | 55 | 60 | 25 | 20 |
| सर्वेक्षण के दिन उपस्थित बच्चे* | 16 | 23 | 37 | 28 | 35 | 40 | 20 | 20 |

**नोट : कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या गिनकर लिखें। यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कुल नामांकन लिखें। यदि एक से अधिक कक्षा के बच्चे एक साथ बैठे हों, तो प्रत्येक कक्षा के अनुसार बच्चों को हाथ उठाने को कहें और इसके आधार पर प्रत्येक कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या गिनकर लिखें।*

## भाग 2 : विद्यालय में पढ़ाई का माध्यम (official)

- निर्देश के माध्यम के लिए उपयोग होने वाली मुख्य भाषाएँ पूछें।
- भाषा कोड लिस्ट से देख कर उपयुक्त भाषा का कोड लिखें, जैसे आप घर सर्वेक्षण प्रपत्र में 'घर की भाषा' के लिए किया।
- यदि विद्यालय में पढ़ाने के एक से अधिक माध्यम हों, तो दिए गए खानों में उन्हें नोट करें।

## भाग 3 : शिक्षक

उत्तरदाता से निम्नलिखित सवाल पूछें और उचित स्थान पर (✓) चिह्न लगाएँ।

- उत्तरदाता से पूछें कि विद्यालय में कितने शिक्षक नियुक्त हैं। कार्यकारी (Acting)/प्रभारी मुख्य अध्यापक को मुख्य अध्यापक न गिनकर एक नियमित शिक्षक के रूप में ही गिनें। Deputation या प्रतिनियुक्ति पर आए हुए मुख्य अध्यापक को नियमित मुख्य अध्यापक में गिनें।
- नियमित सरकारी शिक्षकों की जानकारी लेते समय, उन सभी शिक्षकों को गिनें जो कक्षा 1 या उससे बड़ी कक्षाओं को पढ़ाते हैं। नियमित सरकारी शिक्षकों की गिनती में मुख्य अध्यापक को न गिनें। लेकिन, अगर शिक्षक **सिर्फ** पूर्व प्राथमिक कक्षा को पढ़ाते हैं, तो उन्हें शामिल न करें।
- यदि विद्यालय में पैरा शिक्षक (para-teacher) हैं, तो उसे अलग से नोट करें। पैरा शिक्षक वह शिक्षक हैं जो अनुबंध (contract) पर हैं और जिनका वेतन नियमित शिक्षकों से अलग है। कई राज्यों में पैरा शिक्षक (para-teacher) को विभिन्न नामों से जाना जाता है जैसे कि शिक्षा मित्र, पंचायत शिक्षक, विद्या volunteer, अतिथि शिक्षक, आदि।
- NGO के स्वयंसेवकों को शिक्षकों में न गिनें।
- विद्यालय में सर्वेक्षण के समय कितने मुख्य अध्यापक/शिक्षक उपस्थित हैं, यह खुद गिनकर प्रपत्र में लिखें।

**उदाहरण :**

| **3. शिक्षक**<br>**(कक्षा 1 और उससे बड़ी कक्षाओं को पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को गिनें)** | **कुल नियुक्ति (पूछें)** | **कुल उपस्थित (अवलोकन करें)** |
|---|---|---|
| मुख्य अध्यापक (प्रभारी मुख्य अध्यापक को न गिनें) | 1 | 1 |
| नियमित सरकारी शिक्षक (मुख्य अध्यापक को न गिनें) | 4 | 3 |
| पैरा-शिक्षक (Para-teacher) | 2 | 2 |

## भाग 4 : बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान (Foundational Literacy and Numeracy/FLN)

कक्षा 3 के अंत तक सरल वाक्यों को समझकर पढ़ने और बुनियादी गणित के प्रश्नों को हल करने की क्षमता को FLN कहते है। इस भाग से प्रश्न पूछने से पहले, इस परिभाषा को स्पष्ट रूप से और धीरे-धीरे उत्तरदाता को पढ़कर सुनाएँ। निम्नलिखित प्रश्न पूछने से पहले सुनिश्चित कर लें कि उत्तरदाता समझते हैं कि FLN से क्या तात्पर्य है :

- पूछें कि क्या विद्यालय को कक्षा 1-3 के बच्चों के लिए FLN से संबंधित गतिविधियों को लागू करने के लिए कोई सरकारी अधिसूचना या निर्देश मिला है। मौखिक रूप से दिए गए निर्देश और व्हाट्सैप, टेलीग्राम आदि पर प्राप्त निर्देशों को भी शामिल करें। यह जानकारी केवल वर्तमान अकादमिक सत्र के लिए नोट करें।
- उत्तरदाता से पूछें कि क्या स्कूल के कम से कम एक शिक्षक को FLN पर वर्तमान अकादमिक सत्र में कोई प्रशिक्षण मिला है या नहीं। यह प्रशिक्षण ऑनलाईन पोर्टल पर (जैसे NISHTHA, DIKSHA आदि) या राज्य के विशिष्ट FLN कार्यक्रमों के तहत् हो सकता है (जैसे, मध्य प्रदेश में मिशन अंकुर, तमिलनाडु में एनम एझुथुम आदि)। ऑनलाइन और वैयक्तिक (ऑफलाइन) प्रशिक्षण दोनों को शामिल करें।

**उदाहरण :**

| **4. बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान/FLN संबंधित (पूछें)** | | | |
|---|---|---|---|
| *कक्षा 3 के अंत तक सरल वाक्यों को समझकर पढ़ने और बुनियादी गणित के प्रश्नों को हल करने की क्षमता को FLN कहते हैं।* | | | |
| क्या विद्यालय को वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 1-3 के लिए FLN संबंधित गतिविधियाँ कराने के लिए कोई सरकारी अधिसूचना/निर्देश प्राप्त हुआ है? | **हाँ✓** | **नहीं** | **पता नहीं** |
| क्या कम से कम एक शिक्षक ने FLN पाठ्यक्रम के तहत वैयक्तिक (ऑफलाइन) या NISHTHA, DIKSHA आदि जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण पूर्ण किया है? | **हाँ** | **नहीं✓** | **पता नहीं** |

## भाग 5 : सुविधाओं का अवलोकन

निम्नलिखित का अवलोकन करें और उसके अनुसार प्रपत्र पर चिह्नित करें :

- अवलोकन करें और गिनें कि विद्यालय में कुल कितने पक्के कमरे हैं (शौचालय के अलावा)। साथ ही गिनें कि आज कितने कमरे पढ़ाने के लिए उपयोग किए जा रहे हैं।
- अवलोकन करें कि विद्यालय में ऑफिस/स्टोर/office-cum-store है या नहीं। इनमें से किसी एक के होने पर 'हाँ' के अंतर्गत चिह्नित करें।
- अवलोकन करें कि विद्यालय में पुस्तकालय की किताबें हैं या नहीं (अलमारी में रखी हुई किताबें भी इसमें शामिल होंगी)।
- यदि पुस्तकालय की किताबें हैं, तो अवलोकन करें कि क्या किताबें बच्चों द्वारा उपयोग की जा रही हैं।

- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय की पूरी सीमा दीवार या fencing है या नहीं। इसमें गेट का होना आवश्यक नहीं है।
- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में तार/बिजली का मीटर और बिजली की फिटिंग, बल्ब है या नहीं और उसके अनुसार 'हाँ' या 'नहीं' के अंतर्गत निशान लगाएँ। यदि विद्यालय में बिजली का कनेक्शन है, तो यह पूछें कि क्या आज विद्यालय में किसी समय पर बिजली थी। यह आवश्यक नहीं है कि बिजली तभी हो जब आप सर्वेक्षण कर रहे हैं।
- अवलोकन करें यदि विद्यालय में बच्चों के उपयोग करने के लिए कंप्यूटर हैं या नहीं। यदि हाँ, तो अवलोकन करें कि क्या बच्चे कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं या नहीं।
- अवलोकन करें कि विद्यालय में कोई हैंडपंप/नल है। यदि हाँ, तो क्या आप उससे पानी पी सके। यदि कोई हैंडपंप/नल नहीं है या मौजूदा हैंडपंप/नल से पानी नहीं पिया जा सकता है, तो देखें कि क्या विद्यालय में किसी अन्य तरह से पीने के पानी की उपलब्धता है या नहीं।

**उदाहरण :**

| **5. सुविधाओं का अवलोकन** | | |
|---|---|---|
| शौचालय के अलावा विद्यालय में पक्के कमरों की कुल संख्या (गिनकर लिखें) | 5 | |
| सर्वेक्षण के दिन पढ़ाई के लिए उपयोग किए जा रहे कमरों की कुल संख्या (गिनकर लिखें) | 3 | |
| ***अवलोकन करें/पूछें और उचित स्थान पर ✓ लगाएँ :*** | **हाँ** | **नहीं** |
| क्या विद्यालय में ऑफिस/स्टोर/office-cum-store है? | ✓ | |
| क्या विद्यालय में पुस्तकालय की किताबें हैं? | ✓ | |
| **यदि हाँ**, तो क्या आपने बच्चों को पुस्तकालय की किताबों का प्रयोग करते हुए/पढ़ते हुए देखा? | | ✓ |
| क्या विद्यालय की पूरी चारदीवारी या बाड़ (fencing) है? | ✓ | |
| क्या विद्यालय में बिजली का कनेक्शन है? (तार व फिटिंग देखें) | ✓ | |
| **यदि हाँ**, तो क्या विद्यालय में आज बिजली थी? (देखें/पूछें) | ✓ | |
| क्या विद्यालय में बच्चों के प्रयोग के लिए कंप्यूटर है? | | ✓ |
| **यदि हाँ**, तो क्या आपने बच्चों को कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हुए देखा? | | |
| क्या आपने विद्यालय में हैंडपंप/नल देखा? | ✓ | |
| **यदि हैंड पंप/नल है,** तो क्या आप उस हैंडपंप/नल से पानी पी सके? | ✓ | |
| **यदि हैंडपंप/नल नहीं है या इस्तेमाल करने योग्य नहीं है,** तो क्या पीने के पानी की उपलब्धता है? | | |

## भाग 6 : कक्षा का अवलोकन

विद्यालय अवलोकन प्रपत्र का यह अनुभाग केवल कक्षा 2 और कक्षा 4 के लिए है। यदि एक कक्षा के एक से अधिक सेक्शन है, तो किसी एक सेक्शन को रैंडम रूप से चुनें। बच्चे अक्सर मिश्रित समूहों में बैठे होते हैं इसलिए कक्षावार बच्चों की पहचान करने के लिए आपको शिक्षकों से मदद लेनी पड़ सकती है।

निम्नलिखित का अवलोकन करें और प्रपत्र पर चिह्नित करें :

- बच्चों के बैठने की व्यवस्था : क्या कई कक्षाओं के बच्चे एक क्लासरूम में एक साथ बैठे हैं या एक कक्षा के बच्चे अलग बैठे हैं?
- अवलोकन करें कि क्या इस कक्षा के बच्चों के पास भाषा व गणित की पाठ्यपुस्तकें हैं या नहीं। उन्हें आपको एक-एक करके यह पुस्तकें दिखाने के लिए कहें। इस प्रश्न को 'हाँ' के अंतर्गत तभी चिह्नित करेंगे जब लगभग सभी बच्चों के पास पुस्तकें हों।
- क्या कक्षा में पाठ्यपुस्तकों के अलावा कोई अन्य शिक्षण सामग्री है जैसे दीवार पर चार्ट, चित्र/कहानी कार्ड आदि। दीवार पर की गई चित्रकारी को हम शिक्षण सामग्री में नहीं गिनेंगे।
- अवलोकन करें की बच्चे कहाँ बैठे हैं कमरे में, बरामदे में या खुली जगह में।

**उदाहरण :**

| **6. कक्षा का अवलोकन** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अवलोकन करें (यदि एक से ज़्यादा सेक्शन हों, तो कोई एक चुनें)** | | **कक्षा 2** | | **कक्षा 4** | |
| | | **हाँ** | **नहीं** | **हाँ** | **नहीं** |
| क्या इस कक्षा के बच्चे किसी और कक्षा के बच्चों के साथ बैठे हुए हैं? | | ✓ | | | ✓ |
| क्या इस कक्षा के लगभग सभी बच्चों के पास भाषा की पाठ्यपुस्तकें हैं? | | ✓ | | ✓ | |
| क्या इस कक्षा के लगभग सभी बच्चों के पास गणित की पाठ्यपुस्तकें हैं? | | ✓ | | | ✓ |
| पाठ्यपुस्तकों के अलावा क्या कक्षा में आपने कोई अन्य शिक्षण सामग्री देखी (जैसे कि अन्य किताबें, दीवारों पर लगे चार्ट, चित्र/कहानी कार्ड आदि)? | | ✓ | | | ✓ |
| इस कक्षा के बच्चे कहाँ बैठे हुए हैं? (किसी एक पर निशान लगाएँ) | कमरे में | | | ✓ | |
| | बरामदे में | ✓ | | | |
| | खुली जगह में | | | | |

## भाग 7 : विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC)

- उत्तरदाता से पूछें कि क्या वर्तमान में इस विद्यालय के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) गठित है।
- यदि हाँ, तो पूछें कि विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) की पिछली बैठक कब हुई थी।

**उदाहरण :**

| **7. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) (पूछें)** | | |
|---|---|---|
| क्या वर्तमान में इस विद्यालय के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) गठित है? | **हाँ**✓ | **नहीं** |
| **यदि हाँ,** तो विद्यालय प्रबंधन समिति की पिछली बैठक कब हुई थी? | 10 / 08 / 2022 (dd/mm/yyyy) | |

## भाग 8 : शारीरिक शिक्षा

शारीरिक शिक्षा में सभी बाहर खेले जाने वाले (outdoor) खेल जो उपकरणों के साथ खेले जाते हैं (जैसे क्रिकेट, फुटबॉल आदि) या बिना उपकरणों के खेले जाते हैं (जैसे योग, खो-खो, कबड्डी आदि) और कमरे के अंदर खेले जाते है (indoor) (जैसे टेबल टेनिस, बैडमिन्टन आदि) शामिल हैं।

निम्नलिखित को पूछें/अवलोकन करें और उचित स्थान पर चिह्नित करें :

- उत्तरदाता से पूछें कि क्या सभी कक्षाओं के लिए हर सप्ताह शारीरिक शिक्षा के लिए नियमित रूप से समय निर्धारित है या नहीं।
- उत्तरदाता से पूछें कि क्या शारीरिक शिक्षा के लिए कोई शिक्षक अलग से नियुक्त किया गया है या नहीं। 'शारीरिक शिक्षा के लिए नियुक्त शिक्षक' से तात्पर्य है वह शिक्षक जो शारीरिक शिक्षा के लिए ही नियुक्त किया गया हो। भले ही यह शिक्षक कोई और विषय भी पढ़ाते हों, तब भी उन्हें शामिल करें। उदाहरण : शारीरिक शिक्षा के लिए शिक्षक जो विज्ञान की कक्षा भी लेते हों।
- यदि विद्यालय में शारीरिक शिक्षा के लिए शिक्षक नियुक्त नहीं है तो उत्तरदाता से पूछें कि क्या कोई अन्य शिक्षक शारीरिक शिक्षा की कक्षा का संचालन करते हैं। अन्य शिक्षक से तात्पर्य है कि शिक्षक किसी और विषय के साथ कभी-कभी शारीरिक शिक्षा की कक्षा का भी संचालन करते हैं। उदाहरण : एक गणित के शिक्षक जिसे शारीरिक शिक्षा की कक्षा के संचालन की ज़िम्मेदारी मिली हो, उन्हें हम अन्य शिक्षक की श्रेणी में शामिल करेंगे।
- यदि कोई अन्य शिक्षक शारीरिक शिक्षा की कक्षा लेते हैं, तो पूछें कि क्या उन्हें इसके लिए कोई प्रशिक्षण मिला है।
- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में खेल का मैदान है या नहीं। खेल के मैदान की परिभाषा : विद्यालय परिसर में समतल खेलने के लिए मैदान होना चाहिए और/या खेलने के उपकरण (उदाहरण : स्लाईड, झूले) मौजूद हों।
- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में खेल के उपकरण उपलब्ध हैं या नहीं (भले ही अलमारी में रखे हों)। बोर्ड खेल जैसे लूडों, शतरंज, कैरम इत्यादि को न गिनें। कमरे के अंदर खेले जाने वाले (indoor) खेल जैसे टेबल टेनिस, बैडमिन्टन इत्यादि को शारीरिक शिक्षा में शामिल करें।

**उदाहरण :**

| 8. शारीरिक शिक्षा* | हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|---|
| क्या विद्यालय में हर सप्ताह में सभी कक्षाओं के लिए शारीरिक शिक्षा के लिए समय निर्धारित है? (पूछें) | ✓ | | |
| क्या विद्यालय में शारीरिक शिक्षा की कक्षा के लिए कोई अलग शिक्षक नियुक्त किया गया है? (पूछें) | | ✓ | |
| **यदि नहीं,** तो क्या कोई अन्य शिक्षक शारीरिक शिक्षा की कक्षा का नियमित रूप से संचालन करते हैं? (पूछें) | ✓ | | |
| **यदि कोई अन्य शिक्षक शारीरिक शिक्षा की कक्षा का संचालन करते हैं,** तो क्या उन्हें शारीरिक शिक्षा पर कोई प्रशिक्षण मिला है? (पूछें) | | ✓ | |
| क्या विद्यालय में खेल का मैदान है? (अवलोकन करें) | ✓ | | |
| क्या विद्यालय में खेल के उपकरण हैं? (अवलोकन करें)<br>(बोर्ड खेल जैसे लूडो, शतरंज, कैरम इत्यादि को न गिनें) | ✓ | | |

*नोट : शारीरिक शिक्षा में सभी बहिर्कक्ष (outdoor) खेल जो उपकरणों के साथ खेले जाते हैं (जैसे क्रिकेट, फुटबॉल आदि) या बिना उपकरणों के खेले जाते हैं (जैसे योग, खो-खो, कबड्डी आदि) और कमरे के अंदर खेले जाते है (indoor) (जैसे टेबल टेनिस, बैडमिन्टन आदि) शामिल होंगे।

## भाग 9 : मध्याह्न भोजन (MDM)

- उत्तरदाता से पूछें कि क्या आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन परोसा गया है।
- अवलोकन करें कि मध्याह्न भोजन पकाने के लिए कोई रसोई घर है।
- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में आज खाना पकाया जा रहा है।
- अवलोकन करें कि आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन परोसा गया था। मध्याह्न भोजन से जुड़े सबूत जैसे कि गंदे बर्तन या बाहर से मंगाया गया भोजन आदि देखें। इसके अनुसार चिह्नित करें।

**उदाहरण :**

| 9. मध्याह्न भोजन | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आज विद्यालय में मध्याह्न भोजन दिया गया? (पूछें) | ✓ | |
| क्या मध्याह्न भोजन पकाने के लिए कोई किचन/शेड है? (अवलोकन करें) | | ✓ |
| क्या आपने विद्यालय में खाना पकाते देखा? (अवलोकन करें) | | ✓ |
| क्या आपने आज बच्चों को परोसे जा रहे भोजन का कोई प्रमाण देखा (गंदे बर्तन या बाहर से लाया गया भोजन आदि साक्ष्य)? (अवलोकन करें) | ✓ | |

## भाग 10 : शौचालय

- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में सामायिक शौचालय (सभी के लिए), लड़कियों के लिए अलग शौचालय, लड़कों के लिए अलग शौचालय और शिक्षकों के लिए अलग शौचालय हैं।
- यदि आप यह नहीं पहचान पाएँ कि कौन सा शौचालय किसके लिए है, तो मुख्य अध्यापक/किसी शिक्षक/किसी बच्चे से पूछें।
- हर प्रकार के शौचालय के लिए नोट करें कि क्या वह ताले से बंद है या नहीं। यदि ताले से बंद नहीं है, तो नोट करें कि क्या वह शौचालय इस्तेमाल करने योग्य है या नहीं। **उपयोग करने योग्य शौचालय का अर्थ है कि शौचालय में उपयोग के लिए पानी उपलब्ध हो (नल/फ्लश/जमा किया गया पानी) तथा कम से कम बुनियादी स्तर की सफ़ाई हो।**
- यदि एक से अधिक सामायिक शौचालय या अन्य प्रकार के शौचालय हैं, तो उस शौचालय की जानकारी लें जो बेहतर स्थिति में है।

**उदाहरण :**

| 10. शौचालय* | क्या शौचालय है? | | यदि हाँ, तो क्या वह ताले से बंद है? | | यदि खुला है, तो क्या वह प्रयोग करने योग्य है? | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | हाँ | नहीं | बंद है | बंद नहीं है | हाँ | नहीं |
| लड़की | | ✓ | | | | |
| लड़का | | ✓ | | | | |
| सामायिक | ✓ | | | ✓ | ✓ | |
| शिक्षक | ✓ | | ✓ | | | |

*नोट : यदि विद्यालय में किसी एक प्रकार का एक से ज़्यादा शौचालय हो, तो उस शौचालय की जानकारी लें जो बेहतर स्थिति में है।

## भाग 11 : अनुदान की जानकारी

यदि उत्तरदाता इन प्रश्नों का उत्तर नहीं देना चाहते या उत्तर देने में झिझक रहे हैं, तो उन पर दबाव न डालें और इस भाग को छोड़कर अगले भाग पर जाएँ।

- वार्षिक कम्पोज़िट अनुदान के लिए जानकारी रिकॉर्ड करें। यदि उत्तरदाता 'वार्षिक कम्पोज़िट अनुदान' नहीं समझते है, तो आप राज्य के अनुसार अनुदान के नाम का उपयोग कर सकते हैं, या इसे 'प्रत्येक वर्ष दिए जाने वाले अनुदान' के रूप में बता सकते हैं।
- पूछें कि क्या विद्यालय को पिछले वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2021 से मार्च 2022) में यह अनुदान प्राप्त हुआ है, और 'हाँ', 'नहीं', या 'पता नहीं' के तहत् उचित रूप से चिह्नित करें।
- यदि 'हाँ' (विद्यालय को अनुदान प्राप्त हुआ), तो पूछें कि क्या विद्यालय ने पूरी राशि खर्च की है, और निम्नानुसार चिह्नित करें :
  - o 'हाँ' अगर विद्यालय ने पूरी राशि खर्च की है
  - o 'नहीं' यदि विद्यालय ने राशि का कुछ हिस्सा खर्च किया है, या कोई राशि खर्च नहीं की है
  - o 'पता नहीं' अगर उत्तरदाता को खर्च की गई राशि के बारे में जानकारी नहीं है
- इसी प्रकार, वर्तमान वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2022 से सर्वेक्षण के दिन तक) के बारे में पूछें।

**उदाहरण :**

| **11. अनुदान की जानकारी (पूछें)** | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक** | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | **यदि हाँ,** तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | | **अप्रैल 2022 से सर्वेक्षण के दिन तक** | क्या आपको यह अनुदान प्राप्त हुआ? | | | **यदि हाँ,** तो क्या आपने पूरी राशि खर्च की? | | |
| | **हाँ** | **नहीं** | **पता नहीं** | **हाँ** | **नहीं** | **पता नहीं** | | **हाँ** | **नहीं** | **पता नहीं** | **हाँ** | **नहीं** | **पता नहीं** |
| वार्षिक कम्पोज़िट अनुदान | ✓ | | | ✓ | | | वार्षिक कम्पोज़िट अनुदान | | ✓ | | | | |

## भाग 12 : पाठ्यपुस्तक और यूनिफॉर्म

इस भाग को उत्तरदाता से पूछकर भरें।

- पूछें कि क्या विद्यालय में बच्चों को उनकी वर्तमान कक्षा के लिए भाषा और गणित की पाठ्यपुस्तकें दी गई हैं। बच्चों को यह **दोनों** पाठ्यपुस्तकें दी गई होनी चाहिए। यदि बच्चों को कोई भी पाठ्यपुस्तक न मिली हो या बस एक ही पाठ्यपुस्तक मिली हो, तो 'नहीं' के तहत् चिह्नित करें।
- दूसरा प्रश्न तभी पूछें जब पहले प्रश्न का उत्तर 'नहीं' हो। यदि बच्चों को पाठ्यपुस्तकें नहीं दी गई है या एक पाठ्यपुस्तक दी गई हैं, तो पूछें कि क्या उन्हें पाठ्यपुस्तकें खरीदने के लिए धनराशि (फंड) दी गई है, और उसके अनुसार चिह्नित करें।
- इसके बाद, पूछें कि क्या बच्चों को उनकी वर्तमान कक्षा के लिए वर्दी/यूनिफॉर्म दी गई है। उत्तर अनुसार 'हाँ, सभी कक्षाओं के लिए', 'हाँ, कुछ कक्षाओं के लिए', 'नहीं' या 'पता नहीं' के तहत् चिह्नित करें।
- आप वर्दी/यूनिफॉर्म के लिए धनराशि (फंड) के बारे में प्रश्न तभी पूछेंगे जब पिछले प्रश्न का उत्तर 'नहीं' हो, और उपयुक्त खाने के अंतर्गत चिह्नित करेंगे।

**उदाहरण :**

| **12. पाठ्यपुस्तक और यूनिफॉर्म (पूछें)** | **हाँ, सभी कक्षाओं के लिए** | **हाँ, कुछ कक्षाओं के लिए** | **नहीं** | **पता नहीं** |
|---|---|---|---|---|
| क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए भाषा और गणित की पाठ्यपुस्तकें दी गई हैं? | ✓ | | | |
| **यदि नहीं,** तो क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए इन पाठ्यपुस्तकों को खरीदने के लिए फंड (पैसे) दिए गए हैं? | | | | |
| क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए यूनिफ़ॉर्म दी गई है? | | | ✓ | |
| **यदि नहीं,** तो क्या बच्चों को वर्तमान कक्षा के लिए यूनिफ़ॉर्म खरीदने के लिए फंड (पैसे) दिए गए हैं? | ✓ | | | |

## भाग 13 : पूर्व प्राथमिक कक्षा

- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में पूर्व प्राथमिक कक्षा है या नहीं। इसमें आंगनवाड़ी को शामिल न करें। अगर आप खुद से नहीं देख पाते हैं, तो उत्तरदाता से पूछ कर अवलोकन करें।
- यदि पूर्व प्राथमिक कक्षा है, तो पूछें की क्या विद्यालय को इसके लिए अलग से वर्तमान अकादमिक सत्र में कोई फंड प्राप्त हुआ है।

- यदि पूर्व प्राथमिक कक्षा है, तो यह भी पूछें कि क्या इस कक्षा को पढ़ाने के लिए अलग से विद्यालय में कोई शिक्षक नियुक्त है (भले ही वह अन्य कक्षा को भी पढ़ाते हों)।
- अवलोकन करें कि क्या विद्यालय में आंगनवाड़ी है या नहीं। अगर आप खुद से नहीं देख पाते हैं तो उत्तरदाता से पूछ कर अवलोकन करें।

**उदाहरण :**

| **13. पूर्व प्राथमिक कक्षा** | **हाँ** | **नहीं** | **पता नहीं** |
|---|---|---|---|
| क्या विद्यालय में कोई पूर्व प्राथमिक कक्षा है? (आंगनवाड़ी को शामिल न करें) (अवलोकन करें) | | ✓ | |
| **यदि हाँ,** तो क्या वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में इसके लिए कोई अनुदान (फंड) प्राप्त हुआ है? (पूछें) | | | |
| **यदि पूर्व प्राथमिक कक्षा है,** तो क्या इसमें पढ़ाने के लिए कोई अलग शिक्षक नियुक्त किया गया है? (पूछें) | | | |
| क्या विद्यालय परिसर में कोई आंगनवाड़ी है? (अवलोकन करें) | ✓ | | |

**संक्षेप : विद्यालय में जाकर क्या करें?**

√ गाँव के किसी एक सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में जाएँ जिसमें कक्षाएँ 1-7/8 हों। यदि गाँव में कक्षा 1-7/8 का कोई विद्यालय न हो तो उस सरकारी विद्यालय में जाएँ जहाँ कक्षा 1-4/5 के बच्चों का नामांकन सबसे ज़्यादा हों।

√ मुख्य अध्यापक से मिलें। यदि मुख्य अध्यापक न हों, तो विद्यालय के सबसे वरिष्ठ शिक्षक से मिलें। उन्हें असर का उद्देश्य समझाएँ और 'मुख्य अध्यापक के लिए पत्र' दें।

√ सभी कक्षाओं के नामांकन रजिस्टर देखने का अनुरोध करें और कुल नामांकित बच्चों की संख्या भरें। उपस्थिति स्वयं गिनकर लिखें।

√ निर्देश के माध्यम के लिए उपयोग होने वाली मुख्य भाषा/भाषाओं का कोड भाषा कोड लिस्ट से लिखें।

√ शिक्षकों की कुल नियुक्ति और उपस्थिति नोट करें।

√ कक्षा 2 और कक्षा 4 का अवलोकन करते हुए कक्षाओं का अवलोकन भाग भरें।

√ उत्तरदाता से पूछकर FLN, अनुदान, पाठ्यपुस्तक और यूनिफ़ॉर्म, पूर्व प्राथमिक कक्षा और शारीरिक शिक्षा की जानकारी नोट करें।

√ अवलोकन करें और मध्याह्न भोजन, शौचालय और सुविधाओं की जानकारी भरें।

√ सर्वेक्षण समाप्ति का समय नोट करें।

## Q.1 घटाव

**a** 62 − 29

**b** 98 − 89

**c** 80 − 24

**d** 206 − 79

**e** 200 − 88

**f** 1000 − 911

## Q.2 भाग

**a** 8 ) 991 (

**b** 7 ) 663 (

**c** 13 ) 2710 (

**d** 14 ) 384 (

**Sol: Q1**(a) 33, (b) 9 (c) 56 (d) 127 (e) 112 (f) 89 **Q2** (a) Q-123 R-7 (b) Q-94 R-5 (c) Q-208 R-6 (d) Q-27 R-6

# असर 2022 की प्रतिज्ञा

मैं भारत का नागरिक होने के नाते ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट 2022 में स्वयंसेवक के रूप में भाग लेने का फैसला करता/करती हूँ।

इस प्रयास का उद्देश्य यह है कि इस देश के बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में नागरिक और सरकार शामिल हों।

15 से ज़्यादा वर्षों से मेरे जैसे कई स्वयंसेवक दूर दराज़ के ज़िलों और सुदूर गाँवों में पहुँच पाएँ हैं।

इस सर्वेक्षण को अत्यंत गंभीरता के साथ करने के लिए हम कश्मीर से केरल तक और गुजरात से अरुणाचल तक गए हैं।

आज 30,000 स्वयंसेवकों के साथ मैं भारत में नागरिकों द्वारा किए जाने वाले सबसे बड़े सर्वेक्षण का हिस्सा बनने जा रहा/रही हूँ।

मैं प्रतिज्ञा लेता/लेती हूँ कि जिन लोगों ने मुझसे पहले काम किया है उनकी ईमानदारी और सोच को आगे बढ़ाऊँगा/बढाऊँगी और आने वाले वर्षों में लोगों के लिए उदाहरण बनूँगा/बनूँगी।

मैं सर्वेक्षण प्रपत्र में सही जानकारी इकट्ठा करने के महत्त्व को समझता/समझती हूँ और प्रतिज्ञा लेता/लेती हूँ कि इसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊँगा/निभाऊँगी।

सर्वेक्षण के दौरान किसी भी परिस्थिति में मैं अपनी ज़िम्मेदारियों से पीछे नहीं हटूंगा/हटूंगी।

मैं प्रतिज्ञा लेता/लेती हूँ कि इस अभियान को पूरा करने में और एक बेहतर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी अखंडता के साथ निभाऊँगा/निभाऊँगी।

**स्वयंसेवकों के हस्ताक्षर**

1. ......................................  2. ......................................

वेबसाइट के लिए स्कैन करें :